


श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट शनिवार को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 129 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।" - भगवत गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद

## केदारनाथ धाम के खुले कपाट



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः** जय केदार उदार शंकर, मन भयंकर दुख हरम्। गौरी गणपति स्कंद नंदी, श्रीकेदार नमाम्यहम्। श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट शनिवार को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर को 20 कुंतल फूलों से सजाया गया। हजारों श्रद्धालु इसके साक्षी बने। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। कपाट खुलने के बाद धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई। कपाट खुलते ही धाम महादेव के जयकारों से गूंज उठा। गर्भगृह में भगवान केदारनाथ की विशेष पूजा-अर्चना के बाद ग्रीष्मकाल के लिए केदारनाथ के दर्शन शुरू हो गए। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद अब 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट भी तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे।

# केजरीवाल को अंतरिम जमानत

● सीएम कार्यालय या सचिवालय नहीं जा सकेंगे केजरीवाल, किसी भी फाइल पर नहीं करेंगे हस्ताक्षर

**शर्तों के साथ**

▶▶ आज 1 बजे आप ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे अरविंद केजरीवाल, तिहाड़ जेल से निकलकर किया ऐलान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कई शर्तें भी लगाईं हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केजरीवाल इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकेंगे। उन्हें तिहाड़ जेल अधीक्षक के सामने ही 50 हजार रुपये का बेल बॉन्ड भरना होगा। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री और एक राष्ट्रीय दल के नेता हैं। निःसंदेह उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं लेकिन उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है। उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। केजरीवाल समाज के लिए खतरा नहीं हैं। कोर्ट ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और 50 हजार रुपये के जमानती के आधार पर जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की शर्तें तय करते हुए कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे। केजरीवाल किसी भी फाइल पर उप-राज्यपाल की मंजूरी के बिना हस्ताक्षर नहीं करेंगे। वह अंतरिम जमानत के दौरान अपने केस पर अपनी भूमिका को लेकर कोई कमेंट नहीं करेंगे। साथ ही मामले से जुड़े किसी गवाह से संपर्क नहीं करेंगे। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक की अंतरिम जमानत देते हुए 2 जून को सरेंडर करने का आदेश दिया है। हालांकि, ईडी ने अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि चुनाव प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक अधिकार। यहां तक कि ये कानूनी अधिकार भी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट 2017 में चुनाव आयोग बनाम मुख्तार अंसारी के मामले में ये फैसला दे चुका है। इससे पहले कोर्ट ने 7 मई अंतरिम जमानत पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि जब आबकारी नीति से जुड़े घोटाले की जांच शुरू हुई थी, तब केजरीवाल की भूमिका की जांच नहीं हो रही थी। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी तो उनकी भूमिका सामने आई। जस्टिस खन्ना ने कहा था कि यह एक असाधारण स्थिति है। चुनाव चल रहा है और एक मुख्यमंत्री जेल में है। यह सामान्य मामला नहीं है। जस्टिस खन्ना ने कहा था कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई इसलिए नहीं कर रहे कि केजरीवाल राजनेता हैं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए कुछ विशेष और असाधारण परिस्थिति हो सकती है।

## केजरीवाल को जमानत का विपक्ष ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न विपक्षी पार्टियों ने अदालत के इस फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, भाजपा ने याद दिलाया है कि मुख्यमंत्री को शराब नीति घोटाले में वापस जेल जाना होगा। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने पत्रकार वार्ता कर फैसले का स्वागत किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि आज देश की शीर्ष अदालत ने देश और लोकतंत्र से प्यार करने वाले लोगों के दिलों में उम्मीद की किरण जलाई है। दिल्ली समेत पूरा देश खुश है। पार्टी नेता गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सिर्फ अरविंद केजरीवाल को जमानत ही नहीं मिली है बल्कि सत्य, संविधान और लोकतंत्र की भी जीत हुई है। हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हैं। अब तानाशाही का अंत होगा और इस 2024 के चुनाव में ही होगा।मुख्यमंत्री को जमानत मिलने के फैसले पर देशभर से विपक्षी नेताओं के बयान आ रहे हैं। सभी फैसले का स्वागत कर रहे हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने फैसले का स्वागत किया है और आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में हेमंत सोरेन को भी न्याय मिलेगा। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मौजूदा चुनाव के लिहाज से यह काफी मददगार होगा। माकपा नेत्री बृंदा करात का कहना है कि हम सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं।

# 'जिंदा तो क्या, मरने के बाद भी नहीं गाड़ पाओगे'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नंदुरबार : पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार** को महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के अपने ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया। पीएम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कल ही शिवसेना वालों को गरीब से कितनी नफरत है, ये इन्होंने फिर बताया है। ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है - मोदी तेरी कब्र खुदेगी, दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। पीएम ने आगे महाविकास अघाड़ी को घेरते हुए कहा, "तुष्टिकरण के लिए ये भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे। इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है। इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी।" प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "माताएं-बहनें ही मोदी की रक्षक हैं। ये मातृ शक्ति मेरा रक्षा कवच है। मुझ पर मातृ शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग चाहकर भी मोदी को जीते जी तो क्या, मरने के बाद भी जमीन में नहीं गाड़ पाएंगे।"

**अभद्र टिप्पणी**

▶▶ ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस है, जो कहती है - मोदी तेरी कब्र खुदेगी

दरअसल, अहमदनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ। राउत ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को उद्योगपति करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी गुजरात में ही पैदा हुए हैं।

# चुनाव आयोग से खड़गे को फटकार

**सलाह दी**

▶▶ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों को चुनावों के बीच भ्रम पैदा करने वाला बताया है




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत से संबंधित आंकड़ों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों को चुनावों के बीच भ्रम पैदा करने वाला बताया है। आयोग ने विस्तार से आरोपों का खंडन करते हुए खड़गे को सलाह दी है कि वे इस तरह के बयान देने से बचें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस सप्ताह की शुरूआत में आईएनडीआईए सहयोगियों को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि क्या चुनाव आयोग का वास्तविक मतदान आंकड़ा प्रकाशित करने से इनकार करना, मतदान प्रतिशत आंकड़े जारी करने में देरी करना और अगले चरणों के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन न करना लोकसभा चुनाव परिणामों से छेड़छाड़ का प्रयास है। आयोग ने कहा है कि फॉर्म 17सी में दर्ज वोटों की संख्या में किसी भी तरह हेरफेर की कोई गुंजाइश नहीं है। इसकी हस्ताक्षरित प्रति मतदान समाप्ति पर सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जाती है। मतगणना के दिन ईवीएम में डाले गए कुल मतों का मिलान उम्मीदवारों या उनके एजेंटों की उपस्थिति में फॉर्म 17सी से किया जाता है।

## रिजर्व बैंक 2025 में सरकार को दे सकता है 1000 अरब रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025 में सरकार को लगभग 1,000 अरब रुपये हस्तांतरित कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई को वित्तीय वर्ष 2025 में भी एक मजबूत लाभांश भुगतान बनाए रखने की उम्मीद है। यह अनुमान पिछले वित्त वर्ष में हस्तांतरित 874 अरब रुपये से मामूली वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट के अनुसार, "सरकार ने आरबीआई, सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का लाभांश का बजट 1020 अरब रुपये रखा है।

# रामलला को 11,000 हापुस आमों का लगा भोग



**टीम एक्शन इंडिया**
**पुणेः** अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर भगवान राम को 11 हजार हापुस आमों का भोग लगाया गया। महाराष्ट्र के पुणे शहर से राम के भक्तों ने अपने आमों की पहली फसल रामलला को समर्पित कर उनके प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन किया। हापुस को आमों की सबसे अच्छी प्रजातियों में से एक माना जाता है। यह महाराष्ट्र के विभिन्न इलाकों में प्रमुख तौर पर पैदा किया जाता है और देश-विदेश में बहुत ऊंचे दामों पर बिकता है। पुणे के राम भक्तों ने हापुस आमों को भगवान राम को समर्पित करने के लिए कई महीनों पहले से ही तैयारी कर रखी थी। इसके लिए पुणे के सबसे अच्छे हापुस आमों को चुनकर विशेष रूप से तैयार की गईं टोकरियों में भरकर इन्हें अयोध्या में भगवान के मंदिर तक लाया गया। आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर इन आमों और आम रस की बोतलों को भगवान को समर्पित कर दिया गया। महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न इलाकों में किसान अपनी फसलों की पहली खेप अपने आराध्य को समर्पित करते हैं। विश्व हिंदू परिषद के शरद शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि जब से भगवान राम के मंदिर का उद्घाटन हुआ है, पूरे देश और दुनिया से भक्त अयोध्या आ रहे हैं और अपने-अपने तरीके से भगवान के प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह माता शबरी ने भगवान को बेर खिलाकर उनके प्रति अपनी भक्ति का प्रदर्शन किया था, उसी प्रकार इन आमों को भगवान को अर्पित कर भी भक्तों ने उनके प्रति अपने प्रेम का परिचय दिया है।

**सब आपसे है...**

▶▶ राम के भक्तों ने आमों की पहली फसल रामलला को समर्पित कर उनके प्रति प्रेम का प्रदर्शन किया

# डोप टेस्ट से इनकार नहीं किया: बजरंग पुनिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पुनिया ने दोहराया कि उन्होंने डोप टेस्ट देने से इनकार नहीं किया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) डोप टेस्ट के लिए एक्सपायर किट भेजने पर उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा। पुनिया को 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित ट्रायल के दौरान मूत्र का नमूना उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अपने अनंतिम निलंबन आदेश की रिपोर्ट के बाद, पहलवान ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया और नाडा अधिकारियों से उस एक्सपायर किट के बारे में जवाब मांगा, जिसे उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए भेजा था। 65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले बजरंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, "यह स्पष्ट करना है कि मैंने कभी भी डोपिंग नियंत्रण के लिए अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया है। 10 मार्च 2024 को, जब कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किया, तो मैंने उन्हें केवल यह याद दिलाया कि पिछली दो बार जब वे मेरा नमूना लेने आए थे, तो उन्हें एक बार एक्सपायर किट मिली थी और दूसरी बार, वे तीन परीक्षण किट के बजाय एक ही परीक्षण किट लेकर मेरे पास आए थे। फिर मैंने उनसे जवाब मांगा क्योंकि नाडा ने मेरे किसी भी संचार का जवाब नहीं दिया।

**सवाल का जवाब**

▶▶ ट्रायल के दौरान मूत्र का नमूना उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण नाडा ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया

# वाइस एडमिरल संजय बने नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वाइस एडमिरल संजय भल्ला शुक्रवार को भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने 35 वर्षों के सेवाकाल में जल और तट दोनों पर विशेषज्ञ और परिचालन नियुक्तियों में कार्य किया है। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में अपनी विशेषज्ञता पूरा करने के बाद उन्होंने कई युद्धपोतों पर विशेषज्ञ के रूप में कमान संभाली है। विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और प्रशस्ति से सम्मानित किया गया है। वाइस एडमिरल संजय भल्ला को 01 जनवरी, 1989 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्हें समुद्र में चुनौतीपूर्ण एवं पूर्णकालिक कमान संभालने का मौका मिला, जिसमें आईएनएस निशंक, आईएनएस तारागिरी, आईएनएस ब्यास और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट की नियुक्तियां भी हैं। वह अपने इस कार्यकाल के दौरान 2022 में राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा और भारतीय नौसेना के प्रमुख बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन' में समुद्री चरण के लिए सामरिक कमान में अधिकारी थे।



**जिम्मेवारी**

▶▶ अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और प्रशस्ति से सम्मानित हैं वाइस एडमिरल

## हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट के फैसले के बाद अब हेमंत सोरेन की याचिका का कोई मतलब नहीं है। हेमंत सोरेन को अब झारखंड हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ नयी याचिका दाखिल करनी चाहिए। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि नयी याचिका में ईडी फिर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग करेगा।

# जनगणना हुई ही नहीं फिर कैसे पता किसकी आबादी बढ़ीः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** यदि देश में डेमोग्राफिकल चेंज हुआ है तो उसकी दोषी भारतीय जनता पार्टी है। शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि देश में 10 सालों से भाजपा की सरकार है। भाजपा दंभ भरती है कि उसके राज में हिंदू ज्यादा सुरक्षित हैं। वह सनातन के आधार पर सरकार चलाने का दावा भी करती है, फिर भी यदि देश में हिन्दुओं की आबादी कम हो गयी है तो इसके लिये भाजपा की केन्द्र सरकार उसकी नीतियां दोषी है। आपने 10 वर्षों तक क्या किया जो ऐसी स्थिति निर्मित हुई है? यदि देश में घुसपैठिये घुस आये और एक धर्म की आबादी बढ़ गयी तो उसके लिये भी भाजपा की केन्द्र सरकार जिम्मेदार है।

**मांगा जवाब**

▶▶ यदि देश में हिन्दुओं की आबादी कम हो गयी है तो इसके लिये केन्द्र सरकार उसकी नीतियां दोषी है

**मामला गर्माया** पाकिस्तान एक संप्रभु राष्ट्र है और उसका सम्मान करना चाहिए, उसके पास भी परमाणु बम है : अय्यर

# सैम पित्रौदा के बाद अब मणिशंकर अय्यर का बयान विवादों में



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता सैम पित्रौदा के बाद अब मणिशंकर अय्यर का एक विवादित बयान आया है। मणिशंकर अय्यर के इस बयान को लेकर नया सियासी विवाद शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक बार फिर से कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। इस बयान में मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान एक संप्रभु राष्ट्र है और उसका सम्मान करना चाहिए, उसके पास भी परमाणु बम है। इस बयान से संबधित मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है।

वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने एक साक्षात्कार के दौरान विवादित बयान देते हुए कहा है कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए। भारत को अपनी सैन्य ताकत नहीं बढ़ानी चाहिए, क्योंकि इससे इस्लामाबाद नई दिल्ली के खिलाफ परमाणु हथियार तैनात कर सकता है, जिससे परेशानी बढ़ सकती है। वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने यह भी कहा है कि भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि पड़ोसी मुल्क के पास परमाणु बम हैं। यदि हम उन्हें इज्जत नहीं देंगे तो वे भारत पर परमाणु हमला करने की सोच सकते हैं। मणिशंकर अय्यर ने यह भी कहा कि सरकार चाहे तो इस्लामाबाद से सख्ती से बात कर सकती है लेकिन यदि वह पड़ोसी देश का सम्मान नहीं करता है, तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम हैं, हमारे पास भी है लेकिन क्या होगा यदि कोई लाहौर में ये बम गिराने का निर्णय ले लेगा, इसके रेडिएशन को अमृतसर पहुंचने में केवल और केवल चंद सेकंड लगेंगे।

अय्यर के इस बयान पर अभी तक कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। महज, कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने मणिशंकर अय्यर के इस बयान से किनारा करते हुए कहा कि वे कांग्रेस पार्टी का हिस्सा नहीं हैं।

**विवादित बयान**

▶▶ भारत को पाक के साथ बातचीत करनी चाहिए। भारत को अपनी सैन्य ताकत नहीं बढ़ानी चाहिए

# बिजनेस हेड की हत्या का आरोपी ढेर




**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद:** टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी टाटा प्रवेश के बिजनेस हेड की लूट के दौरान हत्या करने वाले एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने ढेर कर दिया। उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। मुठभेड़ में एक दारोगा भी घायल हुआ है। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि मृतक बदमाश दिल्ली के सीलमपुर का अक्की उर्फ दक्ष है। उसका साथी मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपित के पास से मृतक विनय त्यागी का लूटा गया मोबाइल, असलहा बरामद किया है। मुठभेड़ में एक दारोगा भी घायल हुआ है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस फरार अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है।

**तीन मई को हुई थी लूट और हत्या**

शुक्रवार तीन मई की रात घर से करीब सात सौ मीटर की दूरी पर विनय की हत्या कर दी गई थी। बदमाश विनय के डेढ़ लाख रुपये, लैपटॉप, मोबाइल और पर्स लूटकर फरार हो गए थे। विनय शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे दिल्ली स्थित अपने ऑफिस से घर के लिए निकले थे।

**लाइव लोकेशन भेजी, फिर कर दी थी डिलीट**

रात 8.27 बजे वह गाजियाबाद में राजबाग मेट्रो स्टेशन पहुंचे, जहां सीसीटीवी फुटेज में वह दिखाई दिए। इसके बाद रात 11.21 बजे पत्नी को फोन कर उन्होंने अपनी लाइव लोकेशन भेजी थी, जिसे बाद में डिलीट कर दिया था। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में विनय राजबाग मेट्रो स्टेशन के पास रात करीब साढ़े आठ बजे शराब दुकान पर दिखाई दिए। दुकानदार से पूछताछ में पता लगा कि शराब खरीदने के बाद उन्होंने यूपीआई के जरिये ऑनलाइन पेमेंट किया था। इसके बाद वह दिल्ली-वजीराबाद रोड की ओर चले गए। उनकी तीन-चार स्थानों पर लोकेशन भी मिली थी। अंतिम लोकेशन दिल्ली-वजीराबाद रोड के सर्विस रोड करन गेट पुलिस चौकी के पास मिली थी, जहां से घटनास्थल थोड़ी ही दूरी पर है।

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः ए.जी.सी.ई.एल. जी.-टी-05-2024-25 दिनांक 08.05.2024**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है। **क्रम संख्याः** 1, **टेन्डर संख्याः** AGC-ELG-T-05-2024-25, **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि :** आगरा में मौजूदा डेमू कार शेड में ट्रिप शेड के प्रावधान के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। कार्य पूरा करने की अवधि 08 माह, **2. कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 1217790.77, पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु **Indian Railways Website www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल **Indian Railways website www.ireps.gov.in** पर 15:00 बजे तक दिनांक 31-05-2024 तक टेन्डर डाल सकते है। **830/24(DG)**

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 2020242025 **ई-टेंडरिंग निविदा सूचना** दिनांक: 08.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई निविदा सूचना सं.:** 2020242025-41 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 94,08,132.10 |
| **कार्य का नाम:** कोरल क्लब प्रयागराज में बाहरी क्षेत्र के नवीनीकरण के साथ-साथ पार्क, हरियाली आदि का विकास। | |
| **अमानत राशि (रु. में):** ₹ 1,88,200.00 | **निविदा बंद होने की तिथि:** 03.06.2024 को 15.00 बजे |
| **कार्य समापन की अवधि:** 06 माह | **कार्य की प्रकृति:** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग |

**नोटः-** (1) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **831/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर रेलवे

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक **04.06.2024** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| |
|---|
| **कार्य का नामः** (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में बड़ौदा हाउस में एनेक्सी-II में लेखा भवन का नवीनीकरण के कार्य हेतु। (बी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा/हॉर्ट/नई दिल्ली के कार्य क्षेत्र में गर्मी के दौरान टैंकर के माध्यम से पोर्टेबल पानी की आपूर्ति के कार्य हेतु। |
| **अनुमानित लागतः** (ए) रुपये 2,02,92,376.47, (बी) रुपये 34,99,658.76 |
| **धरोहर राशिः** (ए) रुपये 2,51,500.00, (बी) रुपये 70,000.00 |
| **समापन अवधिः** (ए) 06 महीने, (बी) 12 महीने |

1. निविदा दिनांकः **04.06.2024** को **15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

संख्याः 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/24-25/डब्लयू-ई/टेंडर नः 05 (ए,बी) दिनांकः 08.05.2024 1412/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 'योगी जी आपके राज में सपा का गुंडा...', लगाया मकान बिकाऊ का बैनर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के संजय नगर में भाजपा कार्यकर्ता ने मकान बिकाऊ का बैनर लगाया है। भाजपा कार्यकर्ता का कहना है कि वह एक सपा नेता से परेशान हैं। संजय नगर के सूरजमल एन्क्लेव निवासी मनोज वर्मा भाजपा से जुड़े हुए हैं। 26 अप्रैल को मतदान के दिन उन्हें कंपोजिट स्कूल अवंतिका विहार में बने बूथ पर पार्टी की तरफ से मतदान अभिकर्ता बनाया गया था।

**बूथ के बाहर मारपीट का लगाया आरोपः** मनोज वर्मा की सपा नेता संजीव चौधरी से बूथ पर मोबाइल प्रयोग करने को लेकर कहासुनी हुई।

## उत्तर रेलवे

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी आईआरईपीएस पोर्टल (http://ireps.gov.in) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking 08-2024 | दिनांक 24.05.2024 को 12:00 बजे | फरीदाबाद (कार) (FDB), फरीदाबाद (साईकल/स्कूटर) (FDB), साहिबाबाद (SBB), कुरूक्षेत्र 1st एंट्री (KKDE), कुरूक्षेत्र 2nd एंट्री (KKDE), करनाल (375 वर्गमीटर) (KUN) = कुल 6 साइटें। |
| Parking 09-2024 | दिनांक 27.05.2024 को 12:00 बजे | मादिपुर (PRS), पानीपत 2nd एंट्री (390 वर्गमीटर), बुढलाडा (BLZ), बरैटा (BRZ), कुरूक्षेत्र Site1, कुरूक्षेत्र Site2 = कुल 6 साइटें। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोडयूल के लिए आईआरपीएस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या 23AC/393/E-Auction/2022 Dated: 09.05.2024 1411/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई-टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-07/2024-25 दिनांक 10.05.2024**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

| क्र.सं. | 1 | निविदा संख्या | 30-विद्युत-17/2024-25 (ओपन टेंडर) |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नामः** अंबाला डिवीजन में सहारनपुर में तीन वर्षो के लिए मेमू कार शेड और इलेक्ट्रिक लोको शेड में विद्युत संपत्तियों/प्रणाली के संचालन और रखरखाव कार्य के संबंध में विद्युत कार्य | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 11512833.37 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 207600.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 36 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 03.06.2024 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें/5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **1427/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रफुल्ल पटेल ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्य प्रफुल्ल पटेल को शपथ दिलाई। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की गरिमामयी उपस्थिति में आज राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेना अत्यंत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यहां शपथ ग्रहण समारोह की एक झलक है, जो राष्ट्र की सेवा के लिए गंभीरता और प्रतिबद्धता से भरा क्षण है।

# मतदान के आंकड़े 48 घंटे के अंदर प्रकाशित करे निर्वाचन आयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की गई है कि निर्वाचन आयोग मतदान के वास्तविक आंकड़े 48 घंटे के अंदर प्रकाशित करे। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका में कहा है कि लोकसभा चुनाव के मतदान के आंकड़ों को प्रकाशित करने में चुनाव आयोग बहुत देरी कर रहा है, जिससे आंकड़ों में बड़े पैमाने पर बदलाव की आशंका पैदा हो गई है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने कई दिनों के बाद आंकड़ा प्रकाशित किया। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ, जिसके आंकड़े 11 दिनों के बाद प्रकाशित किए गए। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को हुआ, जिसके आंकड़े 4 दिनों के बाद प्रकाशित किए गए। आयोग ने दोनों चरणों के मतदान के दिन जो शुरूआती आंकड़े जारी किए थे, उनमें और अंतिम आंकड़ों में 5 फीसदी से ज्यादा का अंतर था।

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 12/2024-2025** **दिनांक 10.05.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09243068 | एंटी ट्रैकिंग फिनिशिंग वार्निश | 4811 किलोग्राम | 31.05.24 |
| 02 | 07230459 | सपोर्टिंग डिवाइस कम्पलीट फॉर सी बी सी ऑफ एल एच बी कोचेस | 292 नग | 03.06.24 |
| 03 | 19240810 | सेट ऑफ लाबीनाइन्थ रिंग बेअरिंग कैप एंड क्लैंप प्लेट | 818 सेट | 04.06.24 |
| 04 | 19240706 | बुल गियर (72 टीथ) फॉर डबलू एपी-7 लोको | 34 नग | 05.06.24 |
| 05 | 09243043 | हाई परफॉरमेंस एंटी करोसिव इपोक्सी कोटिंग | 18692 किलोग्राम | 07.06.24 |
| 06 | 12241701 | एल्युमीनियम कंडक्टर वेल्डिंग केबल | 34749 मीटर | 10.06.24 |
| 07 | 09243010 | इनेमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग ऑक्सफोर्ड ब्लू | 25315 लीटर | 11.06.24 |
| 08 | 12240029 | अर्थिंग केबल कम्पलीट 70 sq mm | 11006 नग | 11.06.24 |
| 09 | 19240563 | आयल कूलिंग रेडियेटर फॉर कनवर्टर/ट्रांसफार्मर ऑफ 3-फेज लोकोमोटिव्स | 42 नग | 12.06.24 |
| 10 | 07240118 | फुट रेस्ट मल्टिस्टाजे अरेंजमेंट फॉर एल एच बी टाइप ए सी चेयर कार | 29267 नग | 28.06.24 |
| 11 | 07230086 | टू पीस गिलास शटर | 4696 नग | 15.07.24 |
| 12 | 19243517 | रोलर बेअरिंग आरबी 5020 | 724 नग | 22.07.24 |
| 13 | 07240059 | लैदर | 6379 नग | 23.07.24 |
| 14 | 19242711 | एक्सल बॉक्स कम्पलीट असेंबली फॉर सेंटर एक्सल | 61 नग | 05.08.24 |

**निविदा शर्ते-1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
**1419/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा/बिड ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा/ आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप - 135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्रम संख्या | निविदा/जेम बिड संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बन्द होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61245673 | टेक्सपक पैड ऑफ साइड बेयरर | 864 नग | 06 जून 2024 |
| 2. | GEM/2024/B/4929550 | अनलोडिंग & स्टैकिंग ऑफ मटेरियल | 01 साल | 30 मई 2024 |

निविदा शर्तें: - 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in & www.gem.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस/जेम बिड संख्याः- **61245673,GEM/2024/B/4929550** **1429/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में जगाधरी कार्यशाला के अंदर टैंक मरम्मत अनुभाग में सीओई जल टैंक अनुभाग का नवीनीकरण। | 62,90,513 | 1,25,800 | 06 महीने | 05.06.2024 |
| 2 | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नामांकित एसआईई वाईजेयूडी, केएलके और एसएएसएन रेलवे स्टेशनों पर स्टील बेंच उपलब्ध करवाना। | 49,99,988 | 1,00,000 | 02 महीने | 05.06.2024 |
| 3 | (01) अंबाला में एआरटी/एआरएमवी तक पहुंच मार्ग के लिए उचित रोशनी के साथ कंक्रीट मार्ग का प्रावधान और एआरटी कर्मचारियों के लिए पार्किंग की सुविधा (02) कालका में एआरटी/एआरएमवी तक पहुंच मार्ग के लिए उचित रोशनी के साथ कंक्रीट पथ का प्रावधान और एआरटी कर्मचारियों के लिए पॉर्किंग की सुविधा। | 60,68,237 | 1,21,400 | 06 महीने | 05.06.2024 |
| 4 | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नामांकित अम्ब अंदौरा, आनंदपुर साहिब, रूप नगर, अम्बाला सिटी एंड सरहिन्द रेलवे स्टेशनों पर स्टील बैंच उपलब्ध करवाना। | 49,88,716 | 99,800 | 02 महीने | 05.06.2024 |
| 5 | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नामांकित धूरी और अबोहर रेलवे स्टेशनों पर स्टील बैंच उपलब्ध करवाना। | 23,35,089 | 46,700 | 02 महीने | 05.06.2024 |
| 6 | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नामांकित पटियाला, संगरूर और मालेरकोटला रेलवे स्टेशनों पर स्टील बैंच उपलब्ध करवाना। | 35,35,301 | 70,700 | 02 महीने | 05.06.2024 |

नोट:-
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी ज़रूरी संबंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 06-अम्बाला/2024-25 दिनांक : 10.05.2024** 1418/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक नामालूम महिला जो कि थाना क्षेत्र आजादपुर मेट्रो, दिल्ली के अतर्गत लावारिस अवस्था में मिली। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 26 वर्ष, **कदः** 150 सेमी, **रंगः** सांवला, **पहचान का निशानः** एम अक्षर का टैटू बाये हाथ के अंगूठे के पास गुदा हुआ, जिसने नीले रंग की साड़ी पहनी है, **जो दिमागी रूप से कमजोर है।** इस संदर्भ में **डीडी नं. 11ए, दिनांक 23.04.2024 को थाना आजादपुर मेट्रो, नई दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला के परिवार का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इनके बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना आजादपुर मेट्रो**
**नई दिल्ली**

**DP/5524/Metro/2024** **फोनः 011-20872171, 8802471123**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिशेश्वर मंडल, पुत्रः लखन मंडल, पताः टीए-265, गली नं. 5, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली** ने **FIR No. 131/2021, U/s 323/341/509/506/34 IPC, पुलिस थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बिशेश्वर मंडल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बिशेश्वर मंडल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 131/2021, U/s 323/341/509/506/34 IPC, पुलिस थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **बिशेश्वर मंडल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
महानगर दंडाधिकारी-04
दक्षिण-पूर्व जिला, कोर्ट नं. 10
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/5474/SE/2024**


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# शराब घोटाले में हुई थी केजरीवाल की गिरफ्तारी

## शराब नीति भले ही दिल्ली के लिए थी लेकिन इसमें हुए कथित घोटाले में ईडी ने दक्षिण से लेकर गोवा तक तार जोड़े हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई है। दिल्ली के सीएम को यह राहत सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मिली है। दिल्ली शराब नीति में हुए कथित घोटाले में हाल में हाई प्रोफाइल गिरफ्तारियां हुईं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता शामिल हैं। शराब नीति भले ही दिल्ली के लिए थी लेकिन इसमें हुए कथित घोटाले में ईडी ने दक्षिण से लेकर गोवा तक तार जोड़े हैं। जहां साऊथ ग्रुप को घोटाले का प्रमुख लाभकारी बताया गया है तो वहीं दावा यह भी है कि घोटाले से कमाई गई राशि गोवा विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल हुई।

**आखिर क्या है कथित शराब नीति घोटाला?**

कोरोना काल के बीच दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने 'दिल्ली आबकारी नीति 2021-22' लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था।

**जांच कैसी शुरू हुई?**

सीबीआई ने अगस्त 2022 में इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। बाद में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के संबंध में ईडी ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच शुरू कर दी। ईडी और सीबीआई दिल्ली सरकार की नई शराब नीति में कथित घोटाले की अलग-अलग जांच कर रही हैं। ईडी नीति को बनाने और लागू करने में धन शोधन के आरोपों की जांच कर रही है।





**गड़बड़ी का आरोप**

▶▶ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की

### सीबीआई और ईडी अब तक 15 से अधिक लोगों की गिरफ्तार कर चुकी है...

**दिल्ली** शराब नीति अनियमितता मामले की जांच कर रही दोनों एजेंसियां सीबीआई और ईडी अब तक 15 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी और छह आरोप-पत्र दायर कर चुकी हैं। गिरफ्तार होने वालों में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, विजय नायर, के. कविता, मगुंटा श्रीनिवास रेड्डी, राघव मंगुटा, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, गौतम मल्होत्रा, अरुण पिल्लई, बेनॉय बाबू (फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक), पी. सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर,



व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इसमें से संजय सिंह कई आरोपियों को जमानत मिल गई है जबकि कुछ सरकारी गवाह भी बन गए हैं। अरविंद केजरीवाल को 10 मई को अंतरिम जमानत मिली है।

**जांच में क्या निकला?**

ईडी ने अदालत में दायर आरोप-पत्र में दावा किया कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी, ताकि लगातार अवैध धन कमा कर और उसे अपने पास लाया जा सके। ईडी ने दावा किया कि यह नीति अवैध और आपराधिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए जानबूझकर कमियों के साथ बनाई गई थी।

# केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर पत्नी सुनीता खुश



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी है। उनकी जमानत पर आप पार्टी के नेताओं के साथ विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने खुशी जताई है। हालांकि, शिवसेना के एक नेता ने केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की बात कही।

**सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया किया :** आप पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अदालत का धन्यवाद किया।

पार्टी ने कहा कि सत्यमेव जयते। सीएम केजरीवाल को जमानत देने पर हम सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया करते हैं।

**यह लोकतंत्र की जीत है- सुनीता केजरीवाल:** सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का कहना है कि उनके पति की अंतरिम जमानत पर रिहाई लोकतंत्र की जीत है।

**हम लोगों को ज्यादा ताकत मिल जाएगी :** अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर कांग्रेस नेता उदित राज ने खुशी जताते हुए कहा, 'मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं और अब हम लोगों को ज्यादा ताकत मिल जाएगी। जिस तरह से जनता के द्वारा चुने गए मुख्यमंत्री को जेल भेजा।

# ठगी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पर्दाफाश**

▶▶ अच्छा मुनाफा का लालच देकर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में मोटी रकम निवेश करके अच्छा मुनाफा का लालच देकर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग के तीन आरोपितों को दिल्ली पुलिस ने गुजरात में छापा मारकर गिरफ्तार किया है। यह लोग ठगी के पैसे को तुरंत निकलकर आपस में बांट लिया करते थे। जिस पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की और इन तीनों को पकड़ा, उससे इन लोगों ने 8.80 लाख रुपए ठग लिया था। गिरफ्तारी के समय इनके पास से सात मोबाइल, सिम और डॉक्यूमेंट इत्यादि बरामद किया गया है। इसी तरह की ठगी के एक और बड़े मामले का भी पता चला है, जिसमें 26 लाख 50 हजार की ठगी पंजाब के रहने वाले एक आदमी से की गई थी। उस शिकायत में जो मोबाइल नंबर दिया गया है, वह पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल से लिंक बताया जा गया। पुलिस को छानबीन में कुल 30 लाख रुपए की रकम का भी पता चला है, जो इन लोगों ने ठगी करके अपने खातों में मंगवाया था। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान भूपत, विपुल और चंद्रेश के रूप में हुई है। यह तीनों गुजरात के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार 23 मार्च को एक शिकायत साध नगर, पालम के रहने वाले शख्स ने की थी। उसने अपने साथ हुई लाखों की ठगी के मामले में जानकारी दी। इसकी छानबीन करते हुए एसएचओ विकास कुमार बुल्डक की टीम ने टेक्निकल सर्विलेंस बैंक के अकाउंट नंबर और मोबाइल नंबर की विस्तृत छानबीन की तो इस गैंग के बारे में पता चला।

# हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पूर्वी जिले के** हर्ष विहार इलाके में हुए एक व्यक्ति की बीती रात में हुई हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को उप्र और हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह वारदात सात मई की रात में हुई थी, जिसमें पीड़ित को गंभीर हालत में जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जब पुलिस टीम अस्पताल पहुंची तो वहां बबलू सिंह नाम का व्यक्ति मिला। उनसे पुलिस को बताया कि अपने पड़ोसी जगतपाल को घायल अवस्था में घर के बाहर पड़ा हुआ देखा तो तुरंत उसे अस्पताल में लेकर आ गया था। लेकिन उसका पड़ोसी किस वजह से घायल हुआ, इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं थी। पता चला कि घायल जगतपाल मंडोली के मिलन गार्डन स्थित गली नंबर 2 में रहता था। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि उसे गंभीर चोट आई है। उसकी छती के बाएं हिस्से पर वार किया गया था। बाद में जगतपाल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया और वहां से जरूरी सबूत इकट्ठा किए गए थे। डीसीपी डॉक्टर जॉय टीर्की के निर्देश पर एसएचओ ज्ञानेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल अनुज शशांक की टीम पुलिस टीम ने इस मामले में छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपित को गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। इनकी पहचान रोहित उर्फ रायता, मेजर और सूरज के रूप में हुई। सूरज को हरियाणा के सोनीपत से और बाकी दो को उप्र से पकड़ा गया।




**खुलासा**

▶▶ यह वारदात सात मई की रात में हुई थी, पीड़ित को गंभीर हालत में जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था

# हाईकोर्ट ने के कविता की जमानत याचिका पर ईडी को भेजा नोटिस

**जवाब तलब**

▶▶ कोर्ट ने के कविता मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए 24 मई की तारीख तय की है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धन शोधन के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता के. कविता ने निचली अदालत से जमानत न मिलने पर हाईकोर्ट का रूख किया। हाईकोर्ट ने के कविता द्वारा दायर जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए 24 मई की तारीख तय की है। के कविता ने सीबीआई मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय में जमानत याचिका भी दायर की है, जिस पर सोमवार को सुनवाई होने की संभावना है। 6 मई को ट्रायल कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में के कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी और न्यायिक हिरासत की अवधि 14 मई तक बढ़ा दी थी। ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए बीआरएस नेता ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मार्च को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। कविता और अन्य के खिलाफ मामला 2022 में शुरू हुआ जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2021-22 की दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति में थोक और खुदरा शराब के एकाधिकार और कार्टेलाइजेशन की सुविधा के लिए हेरफेर किया गया था। सीबीआई और ईडी के अनुसार इस प्रक्रिया में दक्षिण भारत के कुछ व्यवासायियों/समूह को लाभ पहुंचाया गया और उनके मुनाफे का कुछ हिस्सा आम आदमी पार्टी (आप) को दिया गया।

# हड़ताल से लौटने लगे एयर इंडिया के चालक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के (केबिन क्रू) चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं। केबिन क्रू की हड़ताल के कारण उड़ानों में काफी व्यवधान हुआ था लेकिन अब हड़ताल वापस हो गई है। हड़ताल के कारण एयरलाइन ने तीन दिन में 170 उड़ानों को रद्द कर दिया था। हड़ताल पर गए चालक दल के सदस्य वापस काम पर लौट रहे हैं। इसके साथ ही एयरलाइन का परिचालन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिलाने में मदद कर रही है, जो काम पर लौटने के लिए आवश्यक है।

# झपटमारी के मामले में आरोपी काबू

**गिरफ्तार**

▶▶ पूर्वी दिल्ली इलाके में स्नेचिंग की हो रही वारदात में बदमाशों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को लगाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूर्वी जिले में हुई झपटमारी के कई मामलों का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रशीद उर्फ मोसिन के रूप में हुई है। यह पहले से 19 अपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इससे पहले भी कई बार गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है और लक्ष्मी नगर थाना का घोषित बदमाश (बीसी) भी है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया की बदमाशों के पास से वारदात में इस्तेमाल दो बाइक, चार फेक नंबर प्लेट, स्क्रू ड्राइवर, पेपर कटर इत्यादि बरामद किया है। बरामद बाइक मधु विहार और लक्ष्मी नगर इलाके से चुराई गई थी। इसने पुलिस को बताया कि यह जुबेर और इंद्र के साथ मिलकर बाइक चोरी करता था। फिर उस बाइक से यमुनापार के अलग अलग इलाकों में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया करता था। इसकी गिरफ्तारी से एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर केके शर्मा, एसआई गौरव और एएसआई श्याम सिंह की टीम ने मंडावली, कल्याणपुरी, लक्ष्मी नगर और मधु विहार थाना के चार मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस के अनुसार लगातार पूर्वी दिल्ली इलाके में स्नेचिंग की हो रही वारदात में बदमाशों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को लगाया गया था। उसी दौरान एक पुख्ता जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर इसको दबोचने में कामयाब हुई।

# बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय

**आरोप**

▶▶ कोर्ट ने बृजभूषण सिंह पर पांच महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की अदालत ने महिला पहलवानों द्वारा दायर यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद और पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप तय किए। कोर्ट ने पांच महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सिंह पर महिला का अपमान करने का भी आरोप लगाया गया। एसीएमएम प्रियंका राजपूत ने आदेश पारित किया। साथ ही प्रियंका राजपूत ने सिंह दो पहलवानों को आपराधिक धमकी देने का भी आरोप लगाया। आईपीसी की धारा 354, 354D के तहत आरोप तय किए गए हैं। आईपीसी की धारा (506) 1 के तहत भी आरोप लगया गया है। गौरतलब है कि विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट देश और दो अन्य पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और उनके खिलाफ प्रदर्शन किया था। वहीं, दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन जुलाई में स्थानीय अदालत से बृजभूषण को जमानत मिल गई थी। बृजभूषण ने एक पहलवान को मंच पर ही थप्पड़ जड़ दिया था। बताया जाता है कि उस पहलवान की उम्र ज्यादा थी। पहलवान बृजभूषण सिंह के कॉलेज के नाम पर प्रतियोगिता में शामिल होना चाहता था। मंच पर आग बबूला बृजभूषण सिंह ने एकदम थप्पड़ जड़ दिया था। जो वीडिया सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।

## शराब घोटाला: ईडी ने दाखिल की 224 पन्नों की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आरोप पत्र में के कविता का नाम:** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के कविता और अन्य के खिलाफ एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इस 224 पन्नों की चार्जशीट में के कविता और अन्य लोगों के नाम हैं। लेकिन अरविंद केजरीवाल का नाम नहीं है। शराब घोटाला मामले में यह ईडी की छठी सप्लीमेंट्री चार्जशीट है। इससे पहले अप्रैल में ईडी ने पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था। डी ने लगभग दो हजार पन्नों के अपने आरोपपत्र में गवाहों और आरोपितों के बयान के साथ-साथ ई-मेल और अन्य डाटा को भी शामिल किया है। ईडी ने दाखिल पूरक आरोप पत्र में तीन व्यक्ति राघव मगुंटा, राजेश जोशी व गौतम मल्होत्रा के अलावा उनसे जुड़ी पांच कंपनियों को आरोपी बनाया था।



# कांग्रेस के पाखंड को हरियाणा ने देखा है: जेपी नड्डा

## कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए घमंडिया गठबंधन चला रहे हैं : जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंचकूला में रोड शो के दौरान उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा ने कांग्रेस के पाखंड और तुष्टिकरण को देखा है। श्री नड्डा ने कांग्रेस पर तीखे वार करने के साथ-साथ मोदी सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए अबकी बार 400 पार का नारा भी दोहराया। अंबाला लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में नड्डा के इस भव्य रोड शो में उत्साहित भीड़ ने फूलों की वर्षा भी की और मोदी-मोदी के नारे लगाकर पूरे माहौल को मोदीमय बनाया।

शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के इस रोड शो में उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, हरियाणा भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, अंबाला से विधायक एवं राज्य मंत्री असीम गोयल भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान संबोधन में जेपी नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए घमंडिया गठबंधन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पाखंड और तुष्टिकरण को हरियाणा प्रदेश ने भी देखा है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के ज्यादातर नेता या तो बेल पर है या फिर जेल में है।

रोड शो के दौरान श्री नड्डा ने कांग्रेस को घोटाले बाजों की पार्टी बताया।



### भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत वाला देश बना: नड्डा

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन 10 सालों में भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत वाला देश बना। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि आप तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं भारत जल्द ही तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों पर बोलते हुए श्री नड्डा ने कहा कि देश का एक्सपोर्ट 106 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पहले हम मेड इन चाइना, मेड इन जापान के मोबाइल लेकर घूमते थे, आज हम मेड इन इंडिया का मोबाइल रखते हैं यह बदलता हुआ भारत है। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल भारत बना है। गरीब लोगों को 5 लाख रुपये तक आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। श्री नड्डा ने जनता से आान करते हुए कहा कि आप लोग बंतो कटारिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजें।

**दावा**

**⏩ उनकी सरकार ने बिना खर्ची और बिना पर्ची शिक्षित युवाओं को नौकरी देने का काम किया है: मनोहर लाल**

उन्होंने कहा कि घोटालों के कारण सोनिया गांधी और राहुल गांधी आज बेल पर है। कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए घमंडिया गठबंधन चला रहे हैं और देश में परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

जेपी नड्डा ने कहा कि वीर भूमि हरियाणा के पंचकूला रोड शो में दिखाई दे रहा उत्साह और उमंग प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलाने का उद्घोष कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज प्रदेश में विकास और जन-जन का कल्याण सुनिश्चित हो रहा है। नड्डा ने कहा कि अबकी बार 400 पार के हमारे लक्ष्य को हरियाणा की जनता जनार्दन का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है।

## परशुराम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर कल्याण की ओर रहें अग्रसर: नायब

**चंडीगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि अक्षय तृतीय जैसी पवित्र तिथि के दिन अवतरित हुए भगवान परशुराम जी इस तिथि की महानता के अनुरूप अजर, अमर हैं। गुणों से भरपूर भगवान हमें शिक्षा देते हैं कि सब कुछ चले जाने के बाद हमारे पास ज्ञान शेष रह जाता है। ज्ञान ही वह संपत्ति है जिसे कोई न तो छीन सकता है, न ही चुरा सकता है। किसी भी विपत्ति में ज्ञान ही हमारा मार्गदर्शन साबित होता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को करनाल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान परशुराम चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने पहुंचे और उन्होंने भगवान परशुम को नमन किया। इस अवसर पर जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने मुख्यमंत्री का फूलमालाओं से स्वागत किया।

# हीन भावना से ग्रस्त हो गई है कांग्रेस : मनोहर लाल

**साधा निशाना**

**⏩ कांग्रेस जो काम 60 साल मे नही कर पाई, भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने 10 साल में कर दिये**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि आज भाजपा की लड़ाई कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस में बौखलाहट और हीन भावना घर कर गई है, क्योंकि कांग्रेस जो काम 55 से 60 साल के बीच नहीं कर पाई, वह भाजपा ने 10 साल में कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री शुक्रवार को सोनीपत से लोकसभा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली के पक्ष में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कुछ तो खासियत है जिस कारण पूरा देश मोदी के नाम की माला जपता है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री विदेश में जाते हैं तब वहां भारतीय इकट्ठा होकर मोदी-मोदी के नारों से पूरे इलाके को गुंजायमान कर देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिए गए बड़े निर्णयों पर बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि मोदी सरकार ने धारा-370 को हटाया, राम मंदिर का निर्माण, पूर्वोत्तर की समस्या का समाधान, नक्सलवाद का खात्मा और उत्तर तथा दक्षिण भारत के बीच भेदभाव को समाप्त करने का काम 10 साल में किया है।

# कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर विधायको को खरीद-फरोख्त टालने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद इस सरकार के पक्ष में संख्या बल नजर न आने और मुख्यमंत्री एवम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सरकार पर कोई संकट न होने के दावों से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को विधायको की खरीद फरोख्त होने की आशंका है।कांग्रेस ने हालत के मद्देनजर शुक्रवार को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर खरीद फरोख्त टालने के लिए राष्ट्रपति शासन में चुनाव कराने की मांग की। हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद और सचेतक भारत भूषण बत्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के हस्ताक्षरों वाला यह ज्ञापन राजभवन पहुंचकर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की गैर मोजूदगी में उनके सचिव को सौंपा।

ज्ञापन में राज्यपाल को सदन में नायब सैनी सरकार के बहुमत खो देने के बारे में विस्तार से बताया गया है।ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश की भाजपा सरकार से जेजेपी पहले ही समर्थन वापस ले चुकी थी।इसके बाद सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायकों में से तीन विधायक रणधीर गोलन,सोमवीर सांगवान और धर्मपाल गोंदार ने हाल में समर्थन वापस लिया है। जेजेपी ने भी राज्यपाल को पत्र लिखकर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक अभय सिंह चौटाला ने भी राष्ट्रपति शासन की मांग की है। एक अन्य निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने भी दो साल पहले समर्थन वापस ले लिया था। इसलिए सदन में सरकार बहुमत खो चुकी है। अब विधायको की खरीद फरोख्त रोकने के लिए सरकार को तुरंत बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन में विधानसभा चुनाव कराए जाए।कांग्रेस के इस विधायक और जेजेपी के दस विधायक है।सदन में अभी सदस्य संख्या 88है।

राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के बाद हरियाणा कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में आफताब अहमद और भारत भूषण बत्रा ने कहा कि पार्टी ने अपनी मांग राज्यपाल को सौंप दी है।



## 'पुलिस के जवान कर्तव्य पथ पर जान की भी नहीं करते परवाह'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज रोहतक के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सुनारिया के पीओपी ग्राउंड में आयोजित एक्स सर्विसमैन के रिक्रूटमेंट के बेसिक कोर्स बैच नंबर एस-14 की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने परेड की सलामी लेने उपरांत जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत परेड किसी भी पुलिस कर्मचारी के लिए यह अवसर एक गौरवमयी पल होता है। उन्होंने सभी जवानों को रिक्रूटमेंट बेसिक कोर्स के उपरांत बेहतरीन दीक्षांत परेड की बधाई देते हुए कहा कि इस बैच में सभी 452 सिपाही एक्स सर्विसमैन है। इन्होंने सेना में प्रशिक्षण प्राप्त करके देश की सेवा की है। इनका अनुभव अब प्रदेश के नागरिकों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के हर कर्मचारी का कर्तव्य नागरिक के जान-माल की सुरक्षा के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस अपराध व अपराधियों को पूरी तरह खत्म करने के लिए कानूनी व विभागीय हर आवश्यकता पूरी कर रहा है। हर जिला में महिला सुरक्षा के मद्देनजर महिला थाना व महिला डेस्क स्थापित किये गए है। प्रदेश में नशे के कारोबार को पूरी तरह से खत्म करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विशेष हरियाणा राज्य नारकोटिक्स बोर्ड बनाया है, जो हर जिला में नशा मुक्ति अभियान चलाने के साथ-साथ नशे के कारोबार में लिप्त नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रहा है। विभाग द्वारा आयोजित साइक्लोथॉन में हुई अपार जन भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की जनता नशे के खिलाफ पूरी तरह सजग है।

# 'दल व उम्मीदवार क्या करना है-क्या नहीं करना की कड़ाई से करें अनुपालना'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना (डूज एंड डोंट्स) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को अनुपालना करनी अनिवार्य व आवश्यक है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और विवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए।

## नशे के विरुद्ध जन जागरण आंदोलन

**फरीदाबाद। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स** कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत जन जन तक नशे से दूर रहने का बीडा उठाया गया है। न केवल विद्यालय महाविद्यालय और विश्वविद्यालय तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जा रहा है अपितु विभिन्न उद्योगों में काम करने वाले लोगों तक भी यह संदेश पहुंचाया जा रहा है।

# देश-प्रदेश का विकास तो केवल भाजपों के नारों तक सीमित है: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी चिंता डर, धमकी और नफरत का मौजूदा माहौल है। पिछले दस वर्षों से हर वर्ग के लोग भय में जी रहे हैं। लोगों को डराने-धमकाने के लिए कानूनों और जांच एजेंसियों को हथियार बनाया जा रहा है। विभिन्न धार्मिक, भाषा और जाति समूहों के लोगों के बीच नफरत फैलाई है। भारत में लोकतंत्र खोखला होता जा रहा है। देश का अन्नदाता कमजोर होता जा रहा है, सरकार अनदेखी कर रही है ऐसा लगता है कि सरकार किसानों को बरबाद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के लिए 05 ऐसी गारंटियों की घोषणा की है और सरकार बनते ही सबसे पहले इन्हें लागू किया जाएगा। गांव बाजेकां और फूलकां में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जो भी स्थानीय मुद्दे है कांग्रेस की सरकार बनने पर आपस में मिल बैठकर विचार विर्मश के बाद हल किए जाएंगे। कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को सिरसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए कांग्रेस के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने सबसे पहले भगवान परशुराम चौक पर पहुंचकर भगवान श्री परसुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शीश नवाया। उन्होंने गांव बाजेकां में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस गांव से उनका पुराना नाता रहा है, जब 1988 में उन्होंने पिता के निधन के बाद उप चुनाव लड़ा था तो तत्कालीन कांग्रेस जिला प्रधान ठाकुर बहादुर सिंह, वरिष्ठ नेता, मंत्री चौ. जगदीश नेहरा, मंत्री लक्ष्मण दास अरोडा ने गांव गांव में जाकर लोगों से उनका परिचय करवाया था तभी से उनका यहां के लोगों से नाता हैं। उन्होंने कहा कि आज विचारधारा की लड़ाई है, भाजपा धर्म और जाति के नाम पर राजनीति कर लोगों के बीच खाई पैदा कर रही है, भाजपा का विकास से कोई लेना देना नहीं है वह विकास के केवल नारे ही लगाती है, लोकतंत्र बचाने के लिए, गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी को बचाने के लिए ही कांग्रेस लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवा भटक रहा है उसकी सुनने वाला कोई नहीं है जिसने भी युवा शक्ति को नकारा है यह देश कभी तरक्की नहीं कर सका।

युवा नशे की लत का शिकार हो गया है, सिरसा में नशा चरम पर है, शासन और प्रशासन नशे पर अंकुश लगाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा रहे है, नशा रोकने के लिए वैसे तो डबवाली को पुलिस मुख्यालय बना दिया है पर क्या नशा रूका है, आज भी जारी है, जब तक नशा तस्करों को संरक्षण देने वाला शिकंजा नहीं कसा जाएगा नशा नहीं रूकेगा, इसके लिए नेता, नीयत और नीति की जरूरत है, कांग्रेस सरकार आने पर प्रदेश को नशामुक्त किया जाएगा।



**वोट की अपील**

**⏩ हमारी सबसे बड़ी चिंता डर, धमकी और नफरत का मौजूदा माहौल पिछले दस वर्षों से हर वर्ग के लोग भय में जी रहे हैं: कुमारी सैलजा**

# भारतीय किसान यूनियन चढूनी ग्रुप का गठबंधन को समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/कैथल :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता को भारतीय किसान यूनियन चढूनी की पूरी कैथल यूनिट ने समर्थन दिया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कैथल के जिला अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर समर्थन का ऐलान किया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन चढूनी हरियाणा के युवा उप प्रधान नरेंद्र मागो माजरी, कैथल महासचिव कृष्ण मालखेड़ी, जिला उप प्रधान बलकार मलिक, जिला प्रवक्ता जोगिंद्र कुंडू, जिला सलाहकार सुरेंद्र गिल, आईटी सैल प्रधान दीप लैलर, युवा उपाध्यक्ष बिंदर गिल, युवा प्रधान कलायत सोनू ढुल, राजौंद ब्लॉक प्रधान मनोज नीमवाला, राजौंद ब्लॉक महासचिव नरेंद्र प्रजापत, राजौंद ब्लॉक सचिव प्रदीप सैनी, जिला आईटी सैल प्रभारी अमित घनघस, पूंडरी ब्लॉक प्रधान कूड़ा राम पबनावा, जिला युवा उप प्रधान विक्की सेगा और सीवन ब्लॉक प्रधान रवि समेत सैकड़ों लोगों ने इंडिया गठबंधन का समर्थन किया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि किसान यूनियन चढूनी की पूरी कैथल यूनिट मेन यूनिट और युवा यूनिट आज इंडिया गठबंधन को समर्थन कर रही है। जैसे अभय चौटाला अकेले हैं और उनका पूरा संगठन इंडिया गठबंधन के साथ है, वैसे ही गुरनाम सिंह चढूनी अकेले खड़े हैं और उनका पूरा संगठन इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा है। जिन्होंने किसानों के साथ अन्याय किया गुरनाम सिंह चढूनी उनके साथी अभय चौटाला के साथ गए हैं।

**चुनावी यात्रा**

**⏩ अभय चौटाला और गुरनाम सिंह चढूनी अकेले खड़े, इनका पूरा संगठन इंडिया गठबंधन के साथ: डॉ. सुशील**



## न्यूज फ्लैश

### टेहा गांव के ग्रामीणों ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**गन्नौर। गढ़ी केसरी** व टेहा गांव में ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ किया गया जिसमें सरपंच आशीष त्यागी व ग्रामीणों ने आहूति डाली। इसके बाद सभी ने भगवान परशुराम की तस्वीर पर माला और फूल अर्पित कर उनका आशिर्वाद प्राप्त किया और समाज मैं अमन और सुख समृद्धि की कामना की। टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि भगवान परशुराम को विष्णु भगवान का छठा अवतार माना जाता है। माना जाता है कि कलयुग में आज भी ऐसे आठ चिरंजीव देवता और महापुरुष हैं जो आज भी जीवित हैं। इन्हीं आठ चिरंजीवियों में भगवान परशुराम भी हैं।
पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उम्मीदवारों को मतदान के पहले दिन विज्ञापन छपवाने की लेनी होगी अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग कर रही है। इसके अलावा पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के अनुरूप राजनीतिक दलों से प्रचार करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन के लिए भी एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कमेटी विज्ञापन सामग्री की जांच कर दो दिन में अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करेगी।

### 25 मई को मतदान करके निभाएं देश के प्रति अपना कर्तव्य : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में 25 मई को मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाएं। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में आगामी 25 मई को वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है।

# कानून व्यवस्था को लेकर उपायुक्त कार्यालय में हुई सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः लोकसभा** आम चुनाव को निष्पक्ष एवं शातिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर एक बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में किया गया। बैठक में अम्बाला संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन, सामान्य आब्जर्वर सुखवीर सिंह, खर्चा आब्जर्वर चेत राम मीणा व अनु बंसल, पुलिस आब्जर्वर डॉ. रवि तथा यमुनानगर के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक अम्बाला जश्नदीप



सिंह रंधावा, एडीसी अम्बाला अपराजिता, एडीसी पंचकूला सचिन गुप्ता सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा स्तर पर एआरओ, एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी आदि टीमों का गठन कर दिया गया है जोकि निरंतर अपना कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही 10 पोलिंग बूथों पर एक सेक्टर ऑफिसर की भी डयूटी लगाई गई है, जिनकी ट्रेनिंग भी करवा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला अम्बाला में कोई भी बूथ वनरेबल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों की मैपिंग का कार्य करने के साथ ही रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है। अबनोरमल बूथ पर लॉ एंड ऑर्डर मेनटेन रहे, इसके लिये सेक्टर ऑफिर, डयूटी मैजिस्ट्रेट, पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां निरंतर पेट्रोलिंग का कार्य करेंगी तथा क्षेत्रवासियों से तालमेल बनाकर रखेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिये सेक्टर ऑफिसर, डयूटी मैजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देकर यह बता दिया गया है कि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक चुनाव के दौरान नहीं होनी चाहिए।

**जिला में लगे हैं 8 इंटरस्टेट नाके**

उन्होंने बताया कि जिला में 8 इंटरस्टेट नाके लगाए गये हैं, जिन पर पुलिस और पैरामिलिट्री के जवान तैनात किये गये हैं जोकि आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखने के साथ ही वाहनों की चैकिंग का कार्य किया जा रहा है।

## परशुराम जन्मोत्सवः परशुराम मंदिर में हुआ हवन यज्ञ

**पानीपत/**
**कमाल हुसैन**



भगवान परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर श्री नवयुवक ब्राह्मण सभा द्वारा परशुराम कॉलोनी स्थित परशुराम मंदिर में हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त परशुराम कॉलोनी वासियों ने शामिल होकर हवन यज्ञ में आहुति दी और सर्व समाज के मंगल की कामना की। हवन यज्ञ में शामिल ब्राह्मण समाज के सभी सम्मानित जनों को भगवान परशुराम जी का पटका पहनाकर श्री नवयुवक ब्राह्मण सभा के मुख्य संरक्षक जेपी शर्मा ने उनका स्वागत किया। भगवान परशुराम 36 बिरादरी के आराध्य हैं और भगवान परशुराम जी ने हमेशा सर्व समाज को आपस में एकजुट होकर चलना सिखाया है। हवन यज्ञ में मुख्य रूप से परम पूज्य श्री वेद प्रकाश गोसाई जी, परशुराम मंदिर के प्रधान सुशील शर्मा, कैशियर नारायण दत्त शर्मा, बनारसी दास शर्मा, वेद प्रकाश शास्त्री, युद्धिष्ठर शर्मा, लाल जी गोसाई, संजय शर्मा, मोहित शर्मा, शीतल शर्मा, मोना शर्मा, बलदेव अरोड़ा, अमित उपमन्यु, अभिषेक, शुभम शर्मा, जगमोहन शर्मा और परशुराम कालोनी के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बी.एल.ओज ने लिया वोटर इन क्यू मैनेजमैंट के ट्रायल रन में भाग



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः निर्वाचन आयोग** के दिशा निदेर्शों के अनुसार वोटर इन क्यू मैनेजमैंट का ट्रायल रन किया गया है जिसमें 05 अम्बाला शहर के सभी 260 बी0एल0ओ0 द्वारा ट्रायल रन में भाग लिया तदोपरान्त वोटर इन क्यू मैनेजमैंट का ट्रायल रन सफलतापूर्वक सम्पन हुआ। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एंव उप मण्डल अधिकारी (ना0) अम्बाला शहर दर्शन कुमार द्वारा सभी बी0एल0ओ0 को लोकसभा चुनाव 2024 से सम्बधित दिशा निर्देश दिए गए कि सभी बी0एल0ओ0 मतदान के दिन अपने कर्तव्य का निर्वाहन करेगें। इस मौके पर सभी बी0एल0ओ0 को पहचान पत्र भी वितरित किए गए।

## पोलिंग पार्टियों व माइक्रो आब्जर्वर की हुई रैंडमाइजेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः लोकसभा आम** चुनाव 2024 के दृष्टिगत अम्बाला संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टियों की दूसरी तथा माइक्रो आब्जर्वर की पहली रैंडमाइजेशन की गई। उपायुक्त कार्यालय में इस सम्बन्ध में आयोजित बैठक में जनरल आब्जर्वर सुखवीर सिंह, खर्चा आब्जर्वर चेत राम मीणा व अनु बंसल, पुलिस आब्जर्वर डा. रवि तथा यमुनानगर के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार, एडीसी अम्बाला अपराजिता, एडीसी पंचकूला सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पोलिंग पार्टियों व माइक्रो आब्जर्वर की रैंडमाइजेशन की गई। बता दें कि




इस रैंडमाइजेशन में एआरओ वाईज पोलिंग पार्टियों की फोरमेशन कर दी गई है, जिनकी 13 व 14 मई को एआरओ स्तर पर दूसरी ट्रेनिंग करवाई जाएगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. शालीन ने बताया कि जिला अम्बाला के 927 बूथों के लिये 927 पोलिंग पार्टियों की तथा रिजर्व स्टाफ की दूसरी रैंडमाइजेशन की गई है तथा 90 माइक्रो आब्जर्वर की पहली रैंडमाइजेशन का कार्य किया गया है। इसी प्रकार जिला यमुनानगर के 963 पोलिंग पार्टियों तथा 73 माइक्रो आब्जर्वर की रैंडमाइजेशन का कार्य किया गया है तथा जिला पंचकूला की 424 पोलिंग पार्टियों तथा 49 माइक्रो आब्जर्वर की रैंडमाइजेशन की गई है। इस अवसर पर एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच, एसडीएम नारायणगढ़ यश जालूका, एसडीएम बराड़ा अश्वनी मलिक, एसडीएम पंचकूला गौरव चौहान, एसडीएम कालका लक्षित सरीन, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा,डीआईओ अम्बाला अरविन्दजीत सिंह, डीआईओ यमुनानगर विनय गुलाटी, डीआईओ पंचकूला सतपाल, चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

**ट्रेनिंग**

**▶▶ फोरमेशन कर दी गई है, जिनकी 13 व 14 मई को एआरओ स्तर पर दूसरी ट्रेनिंग करवाई जाएगी**

## 'चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार करें आचार संहिता की पालना'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः लोकसभा आम** चुनाव 2024 को लेकर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व इलेक्सन एजेंट की बैठक उपायुक्त कार्यालय में हुई जिसमें अम्बाला संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन, सामान्य आब्जर्वर सुखवीर सिंह, खर्चा आब्जर्वर चेत राम मीणा व अनु बंसल, पुलिस आब्जर्वर डॉ. रवि तथा यमुनानगर के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक अम्बाला जश्नदीप सिंह रंधावा, एडीसी अम्बाला अपराजिता, एडीसी पंचकूला सचिन गुप्ता सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन



अधिकारी डॉ. शालीन ने बैठक में उम्मीदवारों एवं इलेक्सन एजेंट को बताया कि 7ए फाईनल हो चुका है और बैल्ट पेपर छपने के कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया को पूरा करवाने के दौरान किसी प्रकार का भेदभाव, पक्षपात नहीं किया जाएगा और एक समान व्यवहार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान वाहन, लाउडस्पीकर, रैली की परमिशन आदि से सम्बन्धित जो भी परमिशन चाहिए, वह सुविधा ऐप के माध्यम से ले सकते हैं। इसके अलावा मैनुअली भी परमिशन का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि परमिशन के लिये नोडल अधिकारी डीआरओ अम्बाला योगेश कुमार को लगाया गया है। इसी प्रकार आदर्श चुनाव आचार संहित की उल्लंघना से सम्बन्धित यदि कोई शिकायत है तो वह सी-विजिल ऐप पर फोटो या वीडिया अपलोड करके की जा सकती है। शिकायत प्राप्त होने के 100 मिनट के अंदर उस पर कार्रवाई करते हुए उसका निदान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम का रैंडमाइजेशन उम्मीदवारों एवं उनके एजेंटों के समक्ष किया जाएगा तथा इसकी सूचना भी उन्हें दे दी जाएगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इलेक्शन कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिनके नम्बर 0171-29880304, 4073258, 2979946 तथा टोल फ्री नम्बर 1950 है। यदि किसी उम्मीदवार को चुनाव से सम्बन्धित कोई जानकारी लेनी है तो इन नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 24 मई को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पंहुच जाएंगी और 25 मई को सुबह मतदान से पहले मोक पोल होगा और प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा।
उन्होंने यह भी बताया कि ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। हर पोलिंग स्टेशन की वैबकास्टिंग भी की जाएगी। बैठक में सामान्य आब्जर्वर सुखवीर सिंह ने कहा कि चुनाव को शांतिपूवक व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाने के लिये चुनाव आयोग द्वारा सामान्य आब्जर्वर, पुलिस आब्जर्वर, खचा आब्जर्वर की डयूटी लगाई गई है।

## चार दिवारी से बाहर निकल कर वोट डालने जरूर आए



**पानीपत/कमाल हुसैन**
पीसीसी अकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य मेरा वोट मेरा अधिकार विषय को लेकर था। इस मौके पर अकादमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा हमें अपने वोट का इस्तेमाल सही तरीके से करना चाहिए हमारा वोट ही हमारा अधिकार है राजीव ने कहा कुछ लोग वोट को अनदेखा करते हैं वह अपने कार्य में इतना व्यस्त हो जाते हैं की वोट की अहमियत को नहीं पहचानते हमारे वोट पर ही आधारित होता है कि हमें कैसा भविष्य चाहिए। राजीव के अनुसार आपकी एक वोट देश की तरक्की में कितनी भागीदारी है वह आप नहीं जानते पीसीसी एकेडमी में आए हुए सभी विद्यार्थियों को राजीव पेरूची ने अपील की कि वह अपने घर जाकर अपने माता-पिता एवं आस पड़ोस को जरूर प्रेरित करें कि वह वोट जरूर डालने जाए हमारा वोट ही हमारा भविष्य है। इस मौके पर बच्चों ने नाटक के माध्यम से सभी को संदेश दिया की वोट की ताकत क्या है जो लोग भविष्य को लेकर सरकारों को अपशब्द बोलते हैं और वह वोट भी नहीं डालते ऐसे लोगों को किसी के खिलाफ कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं है क्योंकि उन्होंने वोट ही नहीं किया जो इंसान वोट डालता है वह सरकार के खिलाफ कुछ भी कह सकता है। अपनी मांग रख सकता है जनता तय करती है की सरकार किसकी बनेगी।

## पिता की तीसरी पुण्यतिथि पर रोपे 15 पौधे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सोनीपत शहर निवासी** अरुण धमीजा ने अपने पिता वीरभान धमीजा की तीसरी पुण्यतिथि पर सेक्टर-8 में पौधरोपण अभियान चलाते हुए 15 पौधे रोपे। इस दौरान उन्होंने रोपे गए सभी पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करने की भी बात कही। अरुण धमीजा ने गत वर्ष भी यहां पौधरोपण किया था और वह रोपे गए पौधों की लगातार देखभाल कर रहे हैं। ट्री मैन देवेंद्र सूरा ने बताया कि अरुण धमीजा पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अपने पिता वीर भान धमीजा की पुण्यतिथि पर



हर साल पौधरोपण करते हैं।
गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेक्टर-8 के ऑक्सीजन बाग में बरगद, पीपल व नीम के 15 पौधे रोपे। अरुण धमीजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमारा एक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुनहरा कल दे सकता है। इसलिए सभी पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान दें।

## मतदाता जागरुकता अभियान में तेजी लाए अधिकारी

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**डीसी एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि मतदान जागरूकता को सार्थक बनाने के लिए स्वीप अभियान में तेजी लाई जाए। लोकसभा आम चुनाव के लिए होने वाले मतदान के लिए कुछ दिन शेष बचे हैं, इसलिए इन दिनों में सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक मतदाता जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जाए ताकि जन-जन तक मतदान का संदेश पहुंचे। डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि स्वीप अभियान से संबंधित आयोजित की जा रही



गतिविधियों को आगे बढ़ाएं। जिला के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में मतदान की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए ताकि विद्यार्थियों और अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरुक किया जा सके। एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर पंकज यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को शतप्रशित मतदान के लिए जागरूक करना है। मतदाता जागरूकता किसी भी चुनाव के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसमें जिला के स्कूल, एनजीओ व सामाजिक संस्थाएं अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपने दायित्व को निभाएं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने अन्य त्योहारों को मनाते हैं उसी प्रकार जिलावासी लोकतंत्र के पर्व को उत्साह व हर्षोल्लास से मनाएं और लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व के संकल्प के साथ शत प्रतिशत मतदान करें।

## सफल महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सरबत दा भला** चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) के मैनेजिंग ट्रस्ट्री मानवता प्रेमी माननीय डॉ एस पी सिंह ओबेरॉय (दुबई) के कुशल नेतृत्व एवं निरंतर प्रेरणा तथा निदेशक प्रशिक्षण डॉ इंद्रजीत कौर गिल के सुयोग्य निर्देशन में ट्रस्ट की जिला कुरुक्षेत्र इकाई एवं जिला रेड क्रॉस समिति कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में संचालित निशुल्क महिला सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के पिछले बैच की सफल महिला प्रशिक्षणार्थियों को ट्रस्ट द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये । इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में



मुख्य अतिथि जिला रेड क्रॉस समिति कुरुक्षेत्र डॉ सुनील कुमार के प्रतिनिधि के रूप में समिति की जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट के अंबाला जोन प्रभारी स. लखविंदर पाल सिंह ग्रेवाल ने सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये । जिला प्रधान गुलशन कुमार ग्रोवर ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, ट्रस्ट के उपस्थित पदाधिकारीगण एवं सभी पूर्व व वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया । स. लखविंदर पाल सिंह ग्रेवाल ने सरबत दा भला ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में संक्षेप में बताया । उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंजू कश्यप ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र से सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करके कोई भी महिला अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकती है । उन्होंने जिला रेड क्रॉस समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में बताया और सभी प्रशिक्षणार्थियों को आह्वान किया कि वे विश्व की सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था रेड क्रॉस समिति के साथ जुड़कर सेवा कार्यों में भी सहयोग करें । प्रशिक्षण केंद्र के वर्तमान बैच की महिलाओं ने गीत व एकल नृत्य की सुन्दर प्रस्तुतियां दी । प्रशिक्षण केंद्र की सिलाई प्रशिक्षिका रितु एवं कंप्यूटर प्रशिक्षिका निशा ने बताया कि पिछले बैचों की भांति उनका इस बैच का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है । जिला प्रधान गुलशन कुमार ने बताया कि अब तक 600 से अधिक महिलाएं ट्रस्ट द्वारा संचालित स्थानीय प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हो चुकी हैं । जिला कुरुक्षेत्र के आदेश मेडिकल कॉलेज मोहड़ी, शाहबाद मारकंडा के सिद्धार्थ हॉस्पिटल तथा पिपली रोड़ कुरूक्षेत्र स्थित कुरुक्षेत्र नर्सिंग होम में लगवाई गई दो-दो डायलिसिस मशीनों से बहुत सस्ते रेट पर डायलिसिस करवा कर जिला के बहुत से किडनी पेशेंट लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## करे योग-रहे निरोग, विश्व योग दिवस 21 जून को करे सार्थक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य बाल भारती पब्लिक** स्कूल के खिलाड़ी राधिका का विद्यालय में विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक, प्राचार्य सत्यवान मलिक के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि हमारा विद्यालय आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित है और आर्य प्रतिनिधि हरियाणा द्वारा जितने भी विद्यालय और गुरुकुल संचालित है वह सब ऋषि दयानंद के बताए हुए मार्ग पर चलते हैं इस देश को जगाने का कार्य ऋषि दयानंद उनके उपरांत स्वामी




श्रद्धानंद ने किया है वेदों की ओर लौटो अभियान ऋषि दयानंद ने ही चलाया और कहा था कि 5000 वर्ष से सोने वाले अब जो जाग जाओ आज हमारा देश हर प्रकार से उन्नति और तरक्की कर रहा है हमारे देश के खिलाड़ियों ने समय-समय पर तिरंगा झंडा फहराया है और अपनी शक्ति का लोहा मनवाया है ।

## संपादकीय

# विदेश नीति में वैश्विक परिवार की परिकल्पना

**भारत** की सकारात्मक विदेश नीति और निरपेक्ष छवि पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण तथा आदर्श की तरह सामने आई है, इसी रफ्तार से यदि भारत अपनी आंतरिक क्षमता, आर्थिक नीति तथा विदेशी संबंधों को गति देती है तो इसमें कतई संदेह नहीं कि भारत आने वाले समय में आर्थिक सामरिक और वैश्विक शांति का नेतृत्व करेगा जिसके फलस्वरूप उसे शांति महाशक्ति के रूप में पूरा विश्व स्वीकार करेगा। पिछले कुछ वर्षों की कोविड-19 महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, रूस यूक्रेन युद्ध और इजराइल फिलिस्तीन वार से पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा था। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पुनः पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने एवं पूर्व में परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका के बादल मंडराने लगे हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे। विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश ने लगभग 40 देशों को कोविड-19 के महामारी के दौरान कई तरह से मदद भी की है। हालांकि भारत में महामारी के दौरान यूरोपीय देशों तथा अन्य देशों ने भी अपना परिवार मानकर खुले दिल से संक्रमण से लड़ने के लिए आर्थिक एवं चिकित्सकीय सहायता प्रदान की थी। भारत की विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम और वैश्विक शांति की नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य की गई है। इसमें दो मत नहीं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की वन टू वन बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ट्रस्टीशिप की नीति एवं भावना की दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने बड़ी सराहना की,और उस पर विश्व को अमल करने की बात भी कही। भारत की विश्व के कई देशों को की गई सहायता भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है। भारत के प्रधानमंत्री ने सदैव अपनी अभिव्यक्ति में भी यह स्पष्ट रूप से जताया है कि भारत पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है एवं इसकी शांति तथा सुरक्षा की चिंता करते हुए अपनी विदेश नीति बनाता है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना से ओतप्रोत होने के कारण ही प्राचीन समय से अब तक भारत में हर जाति, हर धर्म के लोगों को शरण दी थी।

# प्रेम त्याग व ममता की मूर्ति होती है मां

रमेश सर्राफ धमोरा

> यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है, माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है। भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा।

**दुनिया में** मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे) के रूप में मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का



वजन उठाती है। मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता हैं। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

**जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी। वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।**

**नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।**

नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है, माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है। भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई। देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। ह्यमदर्स डेह्न मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों मे करना नामुमकिन है। मां वो है जो न सिर्फ हमे जन्म देती है बल्कि हमे जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां भगवान का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चो का भरपूर ख्याल रखती है। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चो की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है। दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।

## कविता

### "माँ ही तो भगवान है"

माँ धरती है,
माँ ही नभ है।
माँ ईसा मसीह,
माँ ही रब है।
माँ कृष्ण करीम,
माँ ही सब है।

मां में समता है,
माँ में नमता है,
माँ के मन में सदा,
रहती समता है।

माँ रोटी है,
माँ कपड़ा है,
माँ ही तो मकान है।
सच मानो इस जग में,
माँ ही तो भगवान है।

भूपसिंह 'भारती,

# पुस्तक समीक्षा: कविता के बहाने कविता के बहाने

**काव्य** संग्रह के माध्यम से रचनाकार ने सामाजिक समस्याओं पर न केवल गहरी चोट की है बल्कि उनका समाधान भी सुझाया है।इस काव्य-संग्रह में कवि द्वारा रचित कुल पैंतीस कविताएँ,लगभग सौ के करीब मुक्तक,दस गीतिकाएँ और दो गजलें शामिल हैं।कविता के रचनाकार की अधिकतर कविताएं नारी को केंद्र बिंदु बनाकर लिखी गई हैं।"कविता के बहाने" हिंदी काव्य संग्रह के कवि हैं कृष्ण कुमार निर्माण।निर्माण की यह दूसरी पुस्तक है।जैसा कि काव्य संग्रह के शीर्षक कविता के बहाने से ही साफ है कि कवि कविताओं के माध्यम से कुछ कहना चाह रहा है और निश्चित रूप से वह इसमें सफल हो रहा है।धर्म-जात के मसलों के बीच कवि रोजी-रोटी की बात को कुछ इस तरह से उठाता है कि-- वो लड़ रहे हैं शिवाले के लिए। हम लड़ रहे हैं निवाले के लिए।। इतना ही नहीं वतन के प्रति कवि पूर्णतया न केवल चिंतित है बल्कि आगाह भी करता है कि-- कर कुछ ऐसा जतन कबीरा। रहे सुरक्षित वतन कबीरा।। आजकल हर किसी का एक स्वभाव-सा बन चुका है कि बात-बेबात पर टांग अड़ाना, इस संदर्भ में कवि अपनी हिंदी गीतिका के माध्यम से बहुत सुंदर बात कहता है कि- रख काम से काम कबीरा। काम ही अपना धाम कबीरा।। कर्म को ही कवि सब कुछ मानता है और यही संदेश भी देता है।क्योंकि एक कर्म ही जो मानव को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करता है।वर्तमान दौर में प्रेम को लोग अपने-अपने नजरिये से देखने का प्रयास करते हैं।इससे भी आगे बढ़कर आज के युवाओं के लिए प्रेम मात्र एक टाइम पास की तरह हैं,वैसे दौर में कवि ने अपनी कविता के पंक्तियों के माध्यम से प्रेम के बारे में लिखा है कि-- प्रेम की परिभाषा सिर्फ प्रेम,प्रेम सिर्फ देने का नाम है। अधिकारों के लड़ना कभी भी अनुचित नहीं हो सकता और कवि अपनी कविता "खतरनाक मौत" के माध्यम से आह्वान करता है कि-- कौन कहता है कि गलत है अपने हक के लिए लड़ना गलत तो है अन्याय को सहज भाव से स्वीकार कर लेना गलत तो है और इतना गलत है कि सबसे बड़ी मौत है ये स्वाभाविक मौत से भी खतरनाक।। ढाई अक्षर कविता में कवि प्रेम का पूरा मनोविज्ञान खोल कर रख देता है तो वहीं चुप्पी साधने को कवि बेहद गलत मानता है क्योंकि कवि कहता है कि चुप रहने वाले खुद को जिंदा नहीं कह सकते।घर-परिवार कविता में आज के परिवारों के अंतर्द्वंद के बारे कवि लिखता है कि-- घर है, घर में दीवारें हैं, दीवारों में दरारें हैं, और उन्हीं दरारों में हम रहते हैं। कुल मिलाकर वर्तमान दौर में कविता के बहाने एक बेहतरीन काव्य संग्रह है जो कि पठनीय तो है ही,साठ ही संग्रहणीय भी है।कुल पृष्ठ एक सौ दो हैं और प्रकाशक है काव्या पब्लिकेशन,भोपाल।काव्य संग्रह का आवरण पृष्ठ किसी भी पाठक को अपनी ओर आकर्षित करता है।संग्रह ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

**कवि----कृष्ण कुमार निर्माण**
**प्रकाशक--काव्या पब्लिकेशन,भोपाल**
**कुल पृष्ठ---102 मूल्य---299 महेंद्र ज्वाला (समीक्षक और शिक्षाविद)**

## विचार

# अक्षय लोकतंत्र का उत्सव है चुनाव

**चुनाव लत्ता**-लपेड़ी करने का नहीं बल्कि लोकतंत्र को अक्षय बनाने का उत्सव है, लेकिन दुर्भाग्य कि हमारे नेता इस उत्सव को उत्सव की तरह न मनाकर एक-दूसरे का चीर-हरण करने में लगे हैं। राजनीतिक संवाद इतने निचले स्तर पर आ चुका है कि अब लज्जा आने लगी है। लज्जा आये भी क्यों न ? आखिर हम विश्व गुरु हैं।

बात चुनाव से पहले लोकतंत्र की करें। हमारा लोकतंत्र अक्षय है ,ये मानने में पता नहीं क्यों लोगों को शर्म आती है। पता नहीं क्यों लोग लोकतंत्र को लेकर आशंकित है। एक-दूसरे कि सामने नए-नए हौआ खड़े कर रहे हैं। कभी मुसलमानों का हौआ ,कभी मंगलसूत्र छीने जाने का हौआ, और तो और अब सैम अंकल कि भाषण का हौआ। सवाल ये है कि क्या सचमुच इन हौओं से हमारा लोक और हमारा लोकतंत्र भयभीत होकर फैसला करने लगेगा। सत्ता हासिल करने कि लिए सत्तारूढ़ दल लगातार हौओं कि सहारे चुनाव लड़ रही है ,जबकि उसे एक दशक तक सत्ता में रहने कि बाद अपनी उपलब्धियों कि आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए था। प्रतिपक्ष ये हौवे खड़े करे तो समझ में आता है ,लेकिन यहां तो उलटी गंगा बह रही है। सत्तारूढ़ दल प्रतिदिन एक नया हौआ खोजकर लाता है। मजे की बात ये है कि ये तमाम हौवे ऐसे हैं जो मतदान को प्रभावित करने कि बजाय उलटे पड़ रहे हैं। हंसी तो तब आयी जब माननीय प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी से सवाल किया कि वे आजकल अडानी-अम्बानी के खिलाफ क्यों नहीं बोल रहे ? क्या उन्हें टेम्पो में भरकर पैसे दे दिए हैं इन लोगों ने ? माननीय भूल गए की जब राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक अडानी से मिले 20 लाख करोड़ के बारे में सवाल करते थे तब उनकी तारीफ तो किसी ने नहीं की ,बल्कि सत्तारूढ़ दल ,दल के नेता गुड़ खाकर बैठे रहे थे। मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि अब शायद अडानी-अम्बानी ने भी सत्तारूढ़ दल से अपना हाथ खींच लिया है। इन दोनों उद्योग घरानों को भी देश में संभावित परिवर्तन की आहट सुनाई देने लगी है। अन्यथा इन दोनों ने तो दस साल में खुद के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल को भी मालामाल ही किया था। अडानी-अम्बानी केवल उद्योगपति ही नहीं बल्कि मौसम वैज्ञानिक भी हैं। उन्हें आभास हो जाता है आने वाले दिनों का । वे जानते हैं कि कब अच्छे दिन आएंगे और कब बुरे दिन आएंगे। तदनुसार ही वे अपने रुख तय करते हैं। लोकतंत्र के उत्सव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं यानि आधी से ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए जनता मतदान कर चुकी है। अब चौथा चरण 13 मई को है। ये ही सबसे कठिन चरण है। इसमें 96 सीटों के लिए चुनाव होना होना है। इन 96 सीटों में से आधी तो उस तमिलनाडु और तेलंगाना में हैं जहां पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को तिल रखने के लिए भी जगह नहीं मिली थी। चुनाव के चौथे चरण से पहले देश अक्षय तृतीया का पर्व मना चुकेगा। संयोग से इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग बना हुआ है। 100 वर्षों बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग का संयोग है। इसके अलावा अक्षय तृतीया पर धन, शुक्रादित्य, रवि, शश और सुकर्मा योग का निर्माण हुआ है। अक्षय जिसका मतलब होता है कि जिसका कभी क्षय न हो। दुर्भाग्य से हम लोकतंत्र को अक्षय मानने के बजाय सोने-चांदी के आभूषण को अक्षय मानते हैं और इस तरह की चीजों की खरीदारी करते हैं लेकिन लोकतंत्र पर ध्यान नहीं देते । अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा उपासना करने से जीवन में सुख-समृद्धि और धन-वैभव की प्राप्ति होती है।शायद ऐसा होता भी हो लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि देश में लोकतांत्र अक्षय हो। अक्षय तृतीया से ही त्रेता और सतयुग का आरंभ हुआ था।मुझे लगता है कि इस साल भी देश में अक्षय लोकतंत्र की बहाली हो सकती है। लोकतंत्र को बचाने के अभी अवसर हाथ से गए नहीं है । अभी देश की जनता ने कुल 282 लोकसभा सीटों के लिए मतदान किया है। अभी 13 मई से 1 जून तक उसे 260 और सीटों के लिए मतदान करना है। जनता के पास अवसर है कि वो अपनी भूल-चूक को सुधार सकती है। देश की जनता को तय करना है कि वो परिवर्तन चाहती है या भाजपा को 400 पार कराना चाहती है। लोकतंत्र में सही नतीजे हासिल करने कि लिए आवश्यक है कि मतदाता को न तो भ्रमित किया जाये और न उसे कोई हौआ दिखाकर डराया जाये। हंसी आती है जब चुनाव कि वक्त सरकार हिन्दू-मुसलमान की आबादी कि आंकड़े जनता कि समक्ष परोसती है। ये एक तरह का अपराध है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सोच कैसी-कैसी

डॉ. सुरेश

**कवि** भी बड़े कमाल के होते हैं। पहुँच हुए कवि की पहुँची हुई सोच होती है। उनकी कल्पना किसी की चाल को हिरण की चाल से तो किसी की सुंदर आँखों की तुलना मृग के नयनों से करती है। किसी की बोली कोयल के मुख से तो किसी के नाच की तुलना मोर के थिरकते कदमों से करते हैं। मैं कवि नहीं हूँ। इसीलिए मूरख हूँ। मूरख हमेशा ह्यअलगह्न सोचता है। मैं कवियों की कल्पना की तरह न तो हिरण की चाल बनना चाहता हूँ, न मृगनयनी। न स्वरकोकिला और न नाट्यमयूरी। मैं तो कबूतर का पिछवाड़ा बनना चाहता हूँ। हँसिए मत। आपने ठीक सुना... जी हाँ मैं कबूतर का पिछवाड़ा बनना चाहता हूँ। कबूतर का पिछवाड़ा बनना मेरे लिए बहुत ही गौरव और हर्ष का विषय होगा। शरीर के अंगों में पिछवाड़े का बड़ा महत्व होता है क्योंकि जो दूर की नजर रखता है वह पहले इसी पर ध्यान देता है। इसके सुचारू रूप से कार्य करने पर ही शरीर का भविष्य टिका होता है। इसलिए अगर मैं कबूतर का पिछवाड़ा बनता हूँ तो अपने आप को बहुत ही किस्मत वाला समझूँगा क्योंकि देश की सेवा करने का मौका हर किसी के नसीब में नहीं होता है। आप सोच रहे होंगे कि देश की सेवा से कबूतर के पिछवाड़े से क्या लेना-देना? बरखूरदार! कबूतर का पिछवाड़ा कोई मामूली पिछवाड़ा नहीं होता। बड़े काम की चीज है। यह इंसानी नाभि से जानलेवा हेपेटायटिस के कीड़े खींच लेता है तब इसके लिए देश क्या चीज है। मनुष्य की जरूरी मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान है। इनके बिना इंसान कुछ नहीं है। आज हमारे देश की दुर्दशा बहुत बुरी है क्योंकि यहां पर लाखों करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए भोजन, पहनने के लिए कपड़ा और रहने के लिए घर नहीं है। मैं इनकी समस्याओं को मिटाने और आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए कबूतर का पिछवाड़ा बनकर जमाखोरों, सूदखोरों, लूटखोरों की बंद तहखानों से इनका जमा, सूद और लूटा हुआ माल सब खींच ले आऊँगा। तब लोग रोटी, कपड़ा और मकान की कमी से कतई नहीं रोयेंगे, बिलखेंगे, चिल्लायेंगे और मरेंगे। कबूतर का पिछवाड़ा बनने पर सभी देशों के साथ आपसी सहयोग और मित्रता का व्यवहार रखूँगा।

# प्रभावी ढंग से अध्ययन कैसे करें

विजय गर्ग

**प्रभावी** शिक्षण कौशल या प्रभावी अध्ययन कौशल के रूप में कहा जाता है, जो किसी छात्र की कॉलेज या हाई स्कूल या किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता या उसकी विफलता, विश्वविद्यालय में उसके प्रवेश या किसी नौकरी के पद का निर्धारण करता है। अधिकांश छात्रों या शिक्षार्थियों को अध्ययन के लिए बैठने और मौजूदा विषयों पर ध्यान केंद्रित करने और परीक्षा के लिए पहले से ही पूरी तरह से ज्ञान से लैस होने में कठिनाई होती है। प्रभावी ढंग से अध्ययन करना एक प्रक्रिया है, न कि कोई घटना जो सीखने वाले को सफलता की ओर ले जाती है। सफलता या विफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि कोई कितनी अच्छी तरह तैयार है, व्यक्ति ने उपलब्ध समय का कितनी कुशलता से उपयोग किया है, व्यक्ति की शक्ति बरकरार रखी है और व्यक्ति द्वारा किए गए सभी अध्ययन प्रयासों के अंत में कितनी शक्ति बरकरार रखी है। छात्र अपने सीखने के चरण के दौरान अपने जीवन में कई मुद्दों से जूझते हैं, और सभी मुद्दों के कारण छात्र का ध्यान आकर्षित करने वाली चीजों के लिए प्रतिस्पर्धा होती है, छात्र के लिए अध्ययन पर प्रभावी ढंग से ध्यान केंद्रित करना वास्तव में कठिन हो जाता है। दिन-ब-दिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा और युवा पीढ़ी के जीवन में अधिक से अधिक प्रौद्योगिकी के शामिल होने से उनके जीवन में बहुत सारी उलझनें और उथल-पुथल पैदा हो गई है। इतनी सारी चीजों में अपना दिमाग लगाने से मानसिक असंतुलन पैदा होता है और साथ ही पढ़ाई और एकाग्रता में रुचि की कमी हो जाती है। प्रभावी अध्ययन की कुंजी रटना या अधिक समय तक अध्ययन करना नहीं है, बल्कि बेहतर ढंग से अध्ययन करना है। प्रभावी अध्ययन शिक्षार्थी के ध्यान की मांग करता है। किसी विशेष गुणवत्ता के बिना किसी भी सीखने की प्रक्रिया में प्रभाव डालना कठिन है। यह वह गुण है जो आपको परीक्षा में कुछ अतिरिक्त अंक दिलाएगा और उन अतिरिक्त अंकों के लिए प्रभावी अध्ययन की आवश्यकता है। प्रभावी अध्ययन के लिए युक्तियाँ हर कोई अपनी परीक्षाओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होना चाहता है, हालांकि उनमें से ज्यादातर लोग इसमें सफल नहीं हो पाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ब्राह्मण समाज सैक्टर-7 ने किया भगवान परशुराम की जयंती महोत्सव का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। ब्राह्मण** समाज सेक्टर-7 द्वारा सेक्टर 7 के सामुदायिक केंद्र में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस जन्मोत्सव में लाइफ केयर हॉस्पिटल सेक्टर-7 के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर गगन कौशल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर आरती कौशल भी मौजूद रही। डॉक्टर गगन कौशल ने कहा कि भगवान परशुराम जयंती एक बड़ा धार्मिक महत्व रखती है, क्योंकि यह दिन भगवान श्री परशुराम के जन्म का प्रतीक है। भगवान परशुराम जी का जन्म तृतीया तिथि को प्रदोष काल में हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म अधर्मी, पापी और क्रूर राजाओं का नाश करने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम भगवान शिव और भगवान विष्णु के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। ब्राह्मण समाज सेक्टर-7 के प्रधान कृष्ण लाल शर्मा ने भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### हाइवोल्टेज तारों की चपेट में आया ट्रक, करंट लगने से युवक की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। जिले** के गांव रंबा में एक ट्रक हाईवोल्टेज तारों की चपेट में आ गया। ट्रक को स्टार्ट करने के लिए चढ़ा ड्राइवर भी करंट लगने से जमीन पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हाईवोल्टेज करंट की वजह से ट्रक के टायर एक के बाद एक फट रहे थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक ड्राइवर 36 वर्षीय मंगत निवासी गांव डबरकी के भाई अनिल ने बताया कि कल रात को मंगत ईंटों रंबा गांव के बस स्टैंड के नजदीक अपनी रेत से भरे ट्रक को स्थलार के पास खाली करने के लिए गया था। गाड़ी खाली होने के बाद जैसे ही वह ड्राइवर साइड का दरवाजा खोलकर ट्रक में चढ़ा? लगा तो अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। उसने बताया कि ट्रक हाईवोल्टेज तारों की चपेट में आ चुका था और ट्रक में फैले करंट की चपेट में मंगत था। आसपास कोई नहीं था। जब लोग मौके पर पहुंचे तब तक ट्रक चालक बेजान हो चुका था। करंट के कारण ट्रक के टायर फटते जा रहे थे।

### उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्च : उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई डगर पर चला: सुमन

## पूर्व सीएम मनोहर लाल और सीएम नायब सैनी के लिए की वोट की अपील

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई डगर पर चला है। जनता को मिलने वाली सुविधाएं अब डिजिटल माध्यम से सीधे खाते में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश और प्रदेश के हर वर्ग को फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 10 वर्ष का कार्यकाल मुख्य रूप से सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संकल्प के मंत्र के साथ जन



कल्याण के कार्य में लगी है। सुमन सैनी शुक्रवार को काछवा की प्रजापति चौपाल में गुरमीत, अंबेडकर भवन पुंडरक में महिला समूह एवं सरपंच, गांव रतनगढ़ में सरपंच, सेक्टर-7 में धीरज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की।कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि जनता मनोहर लाल व नायब सिंह सैनी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएंगे। सुमन सैनी ने सरकार की ओर से किसानों के उत्थान के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले साढ़े 9 सालों में मनोहर लाल के नेतृत्व में तरक्की की। अब नायब सिंह सैनी प्रदेश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से मनोहर लाल रिकार्ड मतों से जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में जाएंगे और करनाल के विकास को रफ्तार देंगे। नायब सिंह सैनी भी करनाल से भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। इस अवसर पर पूर्व ओएसडी अमरेंद्र सिंह, मेघा भंडारी, अमर ठक्कर, बिट्टू सरपंच व राजेंद्र नंदा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मानवता के मसीहा को निरंकारी भक्तों का शत् शत् नमन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। हृदय सम्राट बाबा** हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन 13 मई को सांय 5 से रात्रि 9.30 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा (हरियाणा) में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में किया जाएगा, जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। करनाल जोनल इंचार्ज सतीश हंस जी ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी प्रेम एवं करुणा की सजीव मूरत थे। उन्होंने अपनी सादगी और दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया अपितु समस्त मानव जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई। यही कारण रहा कि वह प्रत्येक वर्ग के लोगों के सदैव प्रिय बने रहे। बाबा जी ने एक पथप्रदर्शक बनकर हर भक्त का हाथ थामा, ताकि वह एक सहज एवं सशक्त जीवन जी पाए। आध्यात्मिक जागरुकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में बाबा जी ने अपना सकारात्मक योगदान दिया जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जाँच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, इत्यादि जैसी परियोजनाएं अहम है। उन्होंने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी ने सतगुरु रूप में 36 वर्षों तक निरंकारी मिशन की बागडोर सम्भाली।

### पीएम मोदी ने 10 साल में कुछ काम नहीं किया: गुप्ता

**गुहला/कैथल:** पंजाब में आम आदमी पार्टी के वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में गुहला विधानसभा के गांवों में प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, कुलदीप सिंह गदराना, डॉ. मनीष यादव, जगदर गिल, बलिंद्र, गहल सिंह संधू, राकेश खानपुर और जसविंदर सिंह खरका भी मौजूद रहे। सरदार हरपाल चीमा ने कहा कि हरियाणा में इंडिया गठबंधन लोकसभा की सभी 10 सीटों पर जीतने जा रहा है।

# 30 लाख रुपए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान हिंसक घटनाओं, बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर पोलिंग/सुरक्षा कर्मियों के परिवारजन को एक्सग्रेशिया के तहत 30 लाख रुपए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी की गई सूचना के बारे में उपायुक्त ने जनहित में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया की ड्यूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपए, असामाजिक तत्वों द्वारा



हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांग होने पर 15 लाख रुपए तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता परिवारजनों को प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान दी जाने वाली यह एक्सग्रेशिया राशि केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य सरकार या अन्य नियोक्ता द्वारा दी जाने वाली अनुकंपा राशि से अतिरिक्त होगी। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 1 माह के भीतर संबंधित मामले का निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग कर्मियों के लिए ट्रेनिंग केंद्र, डिस्पैच तथा रिसिविंग केंद्रों पर स्वास्थ्य देखभाल, फर्स्ट-एड इत्यादि की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी और डॉक्टर व पैरा मेडिकल स्टाफ युक्त एक एंबुलेंस की भी व्यवस्था होगी। साथ ही, सभी चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के वेलफेयर व अन्य सुविधाओं के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी की समयावधि चुनावों की घोषणाओं की तिथि से लेकर परिणाम की तिथि तक (दोनों दिनों को शामिल करते हुए) मानी जाएगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न प्रकार की कठिन गतिविधियां शामिल होती हैं, जो विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित चुनाव मशीनरी द्वारा पूरी की जाती हैं। ये कर्मी चुनाव के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ अपने जीवन को जोखिम में डालने जैसा चुनौतीपूर्ण कार्य करते हैं।

### 'बीजेपी सरकार सुरक्षित है और सुरक्षित रहेगी'



**गन्नौर। भाजपा के** लोकसभा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लिए जाने को लेकर कहा कि हरियाणा में भूचाल जैसी स्थिति कुछ नहीं है और बीजेपी सरकार सुरक्षित है और सुरक्षित रहेगी। कांग्रेस और बीजेपी के विधायक उनके संपर्क में है। जब उनके साथ मीटिंग होगी तो विपक्ष की आंखें खुल जाएगी, पूरे देश और प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और भ्रष्टाचार में इतने ज्यादा डूबे हुए हैं कि छापेमारी के दौरान नोटों के पहाड़ निकलते हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार निशाना साधा कि पिछली बार सभी 10 सीट पर हारे थे और हार की तकलीफ तो सोनीपत और रोहतक दो सीट की ही थी, इस बार तकलीफ पर दो सीट की ना सहनी पड़े, इसीलिए दीपेंद्र हुड्डा को ही मैदान में उतारा है।

लोकसभा में 10 की 10 सीट पर भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी। विधानसभा में भी कंफर्टेबल मेजोरिटी के साथ जीत दर्ज करेगी।

# सभी के सहयोग से धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती

पानीपत , कमाल हुसैन

**राज नगर स्थित श्री** परशुराम धर्मशाला में आगामी 17 मई को भगवान परशुराम जयंती सभी बिरादरियों के सहयोग से धूमधाम से मनाई जाएगी। यह जानकारी पत्रकारों को देते हुए ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान राम रतन शर्मा ने बताया कि इस बार परशुराम जयंती केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि अन्य बिरादरियों के लोगों को भी साथ लेकर मनाई जा रही है। इसके बाद सभी महापुरुषों की जयंती में ब्राह्मण समाज बढ़ चढ़ कर भाग लेगा। रतन



शर्मा ने बताया कि 17 मई को सुबह हवन यज्ञ, उसके बाद सम्मान समारोह बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा देसी घी का लंगर चलेगा। उन्होंने सभी बिरादरी के लोगों से अपील की कि वह भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह में बढ़ चढ़ कर भाग लें। इस अवसर पर समारोह में सहयोग करने वालों में वाल्मीकि महासभा के प्रदेश सचिव बलजीत वाल्मीकि, अनिल हिंदुस्तानी, मनोज शर्मा, अमित वाल्मीकि, शोयब आलम एडवोकेट, प्रधान सैन समाज कृष्ण पटवारी, जाट समाज से बंटी जागलान, जैल सिंह गुज्जर, गुज्जर महासभा के जिला प्रधान करण सिंह पसीना, सतेंद्र मिटान, सन्नी संधु, विजय जैन, जोगी समाज के प्रदेश सचिव वेदपाल हलका इसराना प्रधान रामचंद्र अलुपुर , धर्मबीर शर्मा, राजू शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राजेश कौशिक एडवोकेट, सचिव डी.के.पंडित एडवोकेट, युवा अध्यक्ष सुनील शर्मा, हल्का समालखा अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, अनिल शर्मा , भूपेंद्र मलिकआदि मौजूद रहे।

# रौनक पब्लिक स्कूल में मदर डे के उपलक्ष्य में छात्रों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर : मदर डे के उपलक्ष्य** में मातृ - दिवस का आयोजन किया गया। अनेक बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के पूर्ण करने में विभिन्न अध्यापक वृंदों का योगदान रहा। इसके बाद अलीशा, प्रतिज्ञा,तेजस,आराध्य, वेदिका आदि ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तनिष्क एवं नितिन की कविता ने सभी का मन मोह लिया। अंश ने भी अपने अंदाज में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित




किया गया। विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि भारत में मातृ दिवस एक ही दिन के लिए नहीं मनाया जाता बल्कि प्रतिदिन मातृ दिवस होता है क्योंकि बच्चे कभी अपनी मां के द्वारा दिए गए कार्यों को पूर्ण करके ,कभी अपनी तोतली बातों से और ऐसे ही अनेक कार्यों से मां को प्रसन्न रखते हैं और उसका प्यार प्राप्त करते है। मां

# पिछले दरवाजे से नक्सलियों को घुसाने की कोशिश: कपिल मिश्रा

## केजरीवाल को जेल कांग्रेस नेता अजय माकन ने भिजवाया लेकिन सत्ता के लालच में दोनों ने ये गठबंधन किया है: कपिल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : दिल्ली भाजपा** के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने कुरुक्षेत्र वासियों को सावधान किया कि लोकसभा चुनाव की आड़ में नक्सलियों, माओवादियों और टुकड़े-टुकड़े गैंग को धर्मनगरी में घुसाने की कोशिश हो रही है। केजरीवाल को जेल कांग्रेस नेता अजय माकन ने भिजवाया लेकिन सत्ता के लालच में दोनों ने ये गठबंधन किया है। सुशील गुप्ता किसी के मित्र नहीं हैं बल्कि सूटकेस लेकर राजनीति में अवतरित हुए हैं। वे यहां भी सूटकेस से माल बांटकर चुनाव



जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं। मोदी जी और नवीन जिन्दल की विचारधारा एक शाहाबाद के एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कपिल मिश्रा ने कहा कि वे कुरुक्षेत्र वासियों को आगाह करने आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा सपना था कि नवीन जिन्दल जैसा नेता हमारे साथ हो और आज वो साकार हो गया है। कुरुक्षेत्र वासियों का यह सौभाग्य है कि उनके पास नवीन जिन्दल जैसा एक नेता है, जिनके विचार प्रधानमंत्री के विचारों से मेल खाते हैं। ऐसे नेता संसद में जाएंगे तो निश्चित रूप से कुरुक्षेत्र की तस्वीर कुछ अलग बन जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के सवाल पर उन्होंने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली की महिलाओं की हाय लगी है। न पैनिक बटन, न सुरक्षा दस्ता, न स्ट्रीट लाइट और न ही कैमरे लगवाए। उलटे महिलाओं के लिए दारू के विशेष ठेके खोल दिये गए। नवीन जिन्दल नए कुरुक्षेत्र का निर्माण करना चाहते हैं, उन्हें जिताएं हरियाणा के पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने इस अवसर पर कहा कि नए कुरुक्षेत्र के निर्माण के लिए नवीन जिन्दल को जिताना आवश्यक है। वे आधुनिक स्कूल खोलना चाहते हैं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा काम करना चाहते हैं, गरीब छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर उच्च व व्यावसायिक शिक्षा के उनके सपने पूरे करना चाहते हैं। इसके अलावा बेरोजगारी दूर करने के लिए वे कुरुक्षेत्र में देश का सबसे अच्छा कौशल विद्या केंद्र खोलना चाहते हैं। उनके जीतने से कुरुक्षेत्र वासियों का जीवन बदल जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि बतान, पूर्व चेयरमैन गुरदयाल सुनेड़ी, लोकसभा मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, बीबी करतार कौर, भारती धीमान, करन राज तूर ने भी संवाददाताओं से अपने विचार साझा किये।

# लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के चारों आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला पुलिस** ने एक कैंटर चालक को चोट पहुंचाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से एक छोटा टैंपो, मोटरसाइकिल और एक लाख 53 हजार की नकदी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि गत 3 मई की रात को करीब साढ़े तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना मिली थी कि ब्याना-इन्द्री रोड पर एक कैंटर चालक को चोट पहुंचाकर उससे लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए



अस्पताल पहुंचाया गया व उसकी शिकायत पर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना इन्द्री में भादसं की धारा-379-बी, 427 के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी दीपक सहारन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीआइए वन को सौंपी गई। सीआइए वन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके 7 मई को तीन आरोपियों संदीप कुमार पुत्र सतबीर सिंह, सवित पुत्र सतबीर सिंह वासीयान गोहरनी थाना आदर्श मन्डी शामली, यूपी और अंकुर पुत्र जुगिन्द्र उर्फ जोगिन्द्र वासी शेखपुरा खतौली, जिला मुज्जफरनगर, यूपी को लालपुरा टी-प्वाइंट गांव मंगलौरा के पास करनाल मेरठ रोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेशकर उनका दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। सीआइए वन के इंचार्ज उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान तीनों आरोपियों के बताए अनुसार छापामारी करके उनकी टीम द्वारा मामले में चौथे आरोपी गौरव पुत्र विघाराम वासी धनेना, शामली, उत्तर प्रदेश को 9 मई को नमस्ते चौक के पास करनाल से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया एक छोटा टैंपो, एक मोटरसाईकिल व लूट की राशि 1 लाख 53 हजार रुपए बरामद की गई। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि जिस कंपनी के कैंटर चालक के साथ वारदात हुई है, आरोपी संदीप वर्ष 2017-2018 में इस कंपनी में करीब एक वर्ष तक काम कर चुका है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और आरोपी सवित पहले हत्या के मामले में जेल जा चुका है व आरोपी गौरव पहले भादसं की धारा-377 के मामले में जेल जा चुका है। जेल में ही इन दोनों के बीच दोस्ती हुई थी। आरोपी संदीप धोखाधड़ी के मामले में जेल जा चुका है, सभी आरोपियों ने जेल से बाहर आने के बाद अपना खर्चा चलाने के लिए व अपने अमीर शौंक पूरा करने के लिए योजना बनाई।

# योग से होता है व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास: अनुराधा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। आयुष विभाग** एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला के गांव कलहेड़ी की व्यायामशाला में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के उपलक्ष में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सरपंच बिजेंद्र सिंह व योगशाला संचालिका अनुराधा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों ने भाग लिया। शिविर में ग्रामीणों को विपिन एवं योग सहायक अनुराधा में विभिन्न योग क्रियाएं कराई और उनके फायदों से अवगत कराया। इस मौके पर समन्वयक डा.



राजपाल और डा. सतीश भी मौजूद रहे। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के प्रथम चरण में आयुष विभाग द्वारा जिला की सभी योग व्यायामशालाओं में 39 योग सहायकों के माध्यम में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 9 से 11 मई तक जिला की चार योग व्यायामशालाओं में योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हरियाणा योग आयोग के फेसबुक पर भी किया जा रहा है। योगशाला संचालिका ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि योग से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है।

## न्यूज फ्लैश

### अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम राहत मिलने पर समालखा में भी लड्डू बांटकर मनाई खुशी



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर समालखा में भी खुशी मनाई गई। यहां रेलवे रोड पर पूर्व पार्षद एवं अग्रवाल वैश्य समाज के हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश गर्ग ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई जमानत बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ प्रजातंत्र की तथा अन्यान्य पर न्याय की जीत है। सत्यप्रकाश गर्ग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर अब अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ दिल्ली में बल्कि हरियाणा व पंजाब में भी पार्टी के लिए धुआं धार प्रचार करेंगे। उन्होंने दावा किया कि जल्दी ही दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा की कुरूक्षेत्र लोकसभा से गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के लिए भी चुनाव प्रचार में आयेंगे। उन्होंने दावा किया कि सुशील गुप्ता के साथ इंडिया गठबंधन प्रदेश की सभी सीटों पर जीत हासिल कर भाजपा का सूपड़ा साफ करेगा।

### युवक को मारने आए बदमाशों ने किए हवाई फायर, पड़ोसी के घर घुस कर बजाई जान

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
रेलवे लाइन पार स्थित हनुमान कालोनी में उस समय सनसनी फैल गई जब जमानत पर आये एक हत्यारोपी को ठिकाने लगाने आए 4-5 युवकों ने हवाई फायर किए जिससे अंकुश नामक युवक ने उन्हें पहचान लिया ओर उसने पड़ोसी के घर में घुस कर जान बचाई। पुलिस ने इस मामले में चार को नामजद करते हुए पांच बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है।हनुमान कालोनी निवासी अंकुश ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि उसने कालोनी में नाई की दुकान की हुई है।वह पिछले महीने ही 302 के मामले में जमानत पर बाहर आया था तथा कालोनी के लोकेश नामक युवक से उसकी 2-3 दिन पहले ही कहासुनी हुई थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे दुकान पर तीन ग्राहक बैठे थे जिनमें से एक की वह सेविंग बना रहे थे कि मोटर साइकिलों पर आये 4-5 युवकों ने दुकान के बाहर हवा में दो गोली चलाई। गोली चलाने वालों को पहचान लिया ओर तुरंत ग्राहकों को छोड़ अंकुश बाहर भागने लगा तो हथियार बंद युवकों ने उसका पीछा किया, लेकिन उसने पड़ोसी राजेश के घर में घुस कर जान बचाई। उसने बताया कि लोकेश रंजिश के चलते वह अपने चार पांच साथियों को लेकर जान से मारने की नियत से आया था लेकिन कालोनी वासियों की मदद से उसकी जान बच गई। गोली चलने की सूचना पर समालखा पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हवाई फायर करने वाले युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया। चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में लोकेश,अनुराग, अंकित, कुलदीप को नामजद करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### दोगली राजनीति करने वाले भूपेंद्र हुड्डा को जनता देगी करारा जवाब-दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़:** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राजनीति में दोगली नीति अपनाने वाली कांग्रेस को जनता समझती है और जनता वोट की चोट से कांग्रेस को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उत्तराखंड से लाकर सोनीपत में अपना उम्मीदवार थोपा है और यह भूपेंद्र हुड्डा और बीजेपी की मिलीभगत को दशार्ता है कि हुड्डा पुत्र मोह में आज भाजपा से मिल चुके है। शुक्रवार को दुष्यंत चौटाला सोनीपत लोकसभा में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि एक तरफ कांग्रेस अंदरूनी कलह से पतन की ओर है तो दूसरी तरफ 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के नेता 400 पार बोलना छोड़ गए है। पत्रकारों के सवाल के जवाब में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में भाजपा राज्य सरकार अपने विधायकों का विश्वास खो चुकी है और सरकार अल्पमत में है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी स्पष्ट कर चुकी है।

# भगवान परशुराम धर्म और सच्चाई के प्रतीक: त्रिलोक

## भगवान परशुराम ने 21 बार आतातार्इ व दुष्ट राजाओं से इस धरती को खाली किया

**जन्मोत्सव**

**भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार हैं धर्म और सच्चाई के प्रतीक हैं: पंडित हरिप्रकाश शर्मा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
समालखा में जौरासी रोड स्थित ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के कार्यालय में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी व ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और भगवान परशुराम के जयकारे लगाए मुख्य अतिथि के तौर पर ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरिप्रकाश शर्मा गनौर मौजूद रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान डॉ त्रिलोक शर्मा जौरासी ने की ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकरिणी ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर लड्डू का प्रसाद सभी लोगों मे वितरीत किया, जिला प्रधान डॉक्टर त्रिलोक शर्मा ने कहा हम हर साल भगवान परशुराम जयंती बड़े धूमधाम से और बड़े स्तर पर मानते हैं इस बार हमने किन्ही कारणवश छोटे स्तर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया है। भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार हैं धर्म और सच्चाई के प्रतीक हैं। धर्म और लोगों की रक्षा के लिए भगवान परशुराम ने 21 बार आताताई व दुष्ट राजाओं से इस धरती को खाली किया और समाज के सभी वर्गों को उनका अधिकार दिलाया भगवान परशुराम चिरंजीवी है अमर है हम सभी को भगवान परशुराम द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए भगवान परशुराम हमेशा अधर्म के खिलाफ लड़ते रहे और धर्म की स्थापना की, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरिप्रकाश शर्मा व युवा हलका प्रधान लोकेश शर्मा पट्टीकल्याण व ब्लाक पार्षद अशोक शर्मा जौरासी ने भी अपने विचार रखें इस मौके पर पंडित राजेंद्र शर्मा हल्दाना जिला मीडिया प्रभारी सत्यनारायण शर्मा किवाना पूर्व ब्लाक पार्षद अशोक शर्मा जौरासी हल्का प्रधान रमेश शर्मा बिलासपुर हल्का उप प्रधान विजयपाल शिमला गुजरान हल्का युवा प्रधान लोकेश शर्मा पट्टीकल्याण ब्लॉक प्रधान रामपाल शर्मा आटा जितेंद्र शर्मा डाडोला राजेंद्र शर्मा पसीना मुकेश शर्मा डिकाडला नरेंद्र शर्मा शहर मालपुर पंडित शोरण शर्मा डिकाडला हरिओम पार्षद भापरा आनंद शर्मा डिकाडला पूर्व सरपंच शिवकुमार शर्मा हल्दाना विजय शर्मा

## गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में मदर्स डे मनाया




**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**गीता** विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल जौरासी रोड समालखा में मदर डे मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने मां के अलग-अलग किरदारों को निभाते हुए मां की महिमा का गुणगान किया। कक्षा छठी की लड़कियों ने नाटक के माध्यम से बताया कि वैसे तो हर दिन ही मन का दिन होता है पर किसी के जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊपर होता है मां के बिना एक बच्चे की जिंदगी दुनिया अधूरी है, मां है तो जहान है बच्चा छोटा हो या बड़ा हो जाए उसकी पहली दोस्त मां ही होती है। मां का अपने बच्चों के प्रति प्यार स्नेह चिंता कभी कम नहीं होती बल्कि उम्र के साथ बढ़ती रहती है। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने गीत के माध्यम से बताया कि एक मां दिन रात अपने बच्चों के लिए मेहनत करती है ताकि एक दिन वह सफल और नेक
इंसान बने अपनी इच्छाओं को मार

**मातृ दिवस**

**छात्राओं ने गीत के माध्यम से बताया कि एक मां दिन रात अपने बच्चों के लिए मेहनत करती है**

कर अपने घर परिवार को सबसे ऊपर रखती है। सभी विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर कार्ड बनाकर अपने विचार प्रकट किए। मुख्याध्यापिका अनीता धीमान ने सभी विद्यार्थियों को मदर डे की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को भी अपनी मां द्वारा किए गए बलिदान त्याग, प्यार को नहीं भूलना चाहिए। अपनी मां से बेहद प्यार है ,तो ऐसा कोई काम न करें जिससे उन्हें तकलीफ हो ,अकेला महसूस हो। हर दिन अपनी मां के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करें जिससे उन्हें खुशी महसूस हो।

## अक्षय तृतीया के अवसर पर गन्ने के जूस की लगाई गई छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर तीर्थाधिराज श्री सुपार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर* हलवाई बाजार के समीप इक्षु रस (गन्ने का रस) के वितरण का कार्यक्रम बहुत ही भावपूर्ण तरीके से किया गया। अंकित जैन ने जानकारी देते हुए बताया की अक्षय तृतीया का जैन धर्म में विशेष महत्व है। आज के दिन भगवान ऋषभ देव के 400 दिवसीय उपवास का पारणा उनके प्रपौत्र श्रेयांस कुमार ने इक्षुरस से करवाया था। प्रथम सुपात्र दान द्वारा अक्षय फल देने वाली यह तिथि भी अक्षय हो गई। जिसे हम सभी अक्षय



तृतीया के रूप में मनाते है। मंदिर जी आने वाले सभी श्रावक श्राविकाओं ने इक्षु रस ग्रहण किया एवं उसके साथ साथ अन्य लोगों को भी इक्षु रस वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कमेटी के प्रधान अंकित जैन, कार्यकारी सदस्य अमित जैन भाभू, नवीन जैन कैरों, भरत जैन दुग्गड़ ने व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया। इक्षु रस वितरित करवाने का मुख्य लाभ शशी बाला जैन की पुण्यतिथि पर चन्दन लाल हेमेंद्र विजय जैन खण्डेलवाल परिवार, अम्बाला शहर एवं कमलेश - विनोद कुमार जैन नीतू - विपिन जैन मंगत राम टेक चंद जैन सराफ ने लिया।

## श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत शिक्षण संस्थानों में विकास की ओर अग्रसर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नगर की प्रमुख एवं प्राचीन संस्था श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत अपने शिक्षण संस्थानों में आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल मोती चौक के द्वितीय खण्ड के नवीनीकरण के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने विधिवत पूजन के उपरांत द्वितीय खण्ड के नवीनीकरण कार्य के लिए आधारशिला रखी। प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि महाराजा



अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल के द्वितीय खण्ड के नवीनीकरण में वातानुकूलित किंडरगार्टन विंग, कॉरिडोर, चार कमरों का निर्माण करने के साथ लिफ्ट लगाई जाएगी। आधारशिला पूजन अवसर पर प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ कार्यकारिणी सदस्य राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग, अश्विनी जिंदल, रतन लाल बंसल, आर्किटेक्ट के.सी. रंगा, पूर्व सह सचिव जितेंद्र अग्रवाल, राजेश

**शुभारंभ**

**महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल मोती चौक के द्वितीय खण्ड के नवीनीकरण का किया शुभारंभ**

सिंगला, मंगत राम जिंदल, रोशन लाल, मीडिया प्रभारी मुनीष मित्तल, संजीव गर्ग, सुधीर कंसल, नरेश गर्ग, इंजीनियर सी.पी. गुप्ता, कुलवंत गर्ग, अशोक गुप्ता, हरविंदर बंसल, विजय गर्ग, एडमिन विकास बंसल, प्रधानाचार्या अमिता शर्मा, प्रधानाचार्या रुचिका बंसल, गुरचरण सिंह चन्नी, बृजेश शर्मा इत्यादि भी मौजूद रहे।

### लालच में मानसिक संतुलन खो बैठे हैं देवेंद्र बबली: जेजेपी

**चंडीगढ़:** जुलाना से जेजेपी विधायक अमरजीत ढांडा ने बीते कुछ दिनों में विधायक देवेंद्र बबली द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर सख्त एतराज जताया है। जुलाना विधायक एवं जेजेपी के विधानसभा मुख्य सचेतक ने कहा कि दो बार विधानसभा का चुनाव हार चुके देवेंद्र बबली को जननायक जनता पार्टी के नेताओं ने टिकट दी, और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें पहली बार विधानसभा तक पहुंचाया। यही नहीं, सरकार में हिस्सेदार होते हुए जेजेपी नेतृत्व ने ही देवेंद्र बबली को कैबिनेट मंत्री का ओहदा दिलवाया।

## केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के आरोप में कई दिनों से तिहाड़ जेल में बंद थे। ईडी ने जिस दिन अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद किया था उस दिन पूरे देश में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने धरने प्रदर्शन करके केंद्र सरकार की कार्यशैली के विरुद्ध जबरदस्त रोष जताया था। आज केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने की खुशी में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने 13 सेक्टर



स्थित कार्यालय में जश्न मनाया। आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान विशाल खूब्बड ने कहा की ईडी द्वारा केजरीवाल के विरुद्ध बनाया गया मामला झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि थोड़ा इंतजार कीजिए सच्चाई की जीत होगी।
इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड, विकास तोमर, ओम सिंह, कृष्ण हथीरा, विपिन गर्ग, सुरेन्द्र शर्मा, कुलदीप मिजार्पुर, सुरेंद्र मित्तल, प्रमोद मित्तल,

### चार दिवारी से बाहर निकल कर वोट डालने जरूर आए

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पीसीसी अकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य मेरा वोट मेरा अधिकार विषय को लेकर था। इस मौके पर अकादमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा हमें अपने वोट का इस्तेमाल सही तरीके से करना चाहिए हमारा वोट ही हमारा अधिकार है राजीव ने कहा कुछ लोग वोट को अनदेखा करते हैं वह अपने कार्य में इतना व्यस्त हो जाते हैं की वोट की अहमियत को नहीं पहचानते हमारे वोट पर ही आधारित होता है कि हमें कैसा भविष्य चाहिए। राजीव के अनुसार आपकी एक वोट देश की तरक्की में कितनी भागीदारी है।

## किसानों को बचाना है तो मुझे वोट दें:अभय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** पिहोवा में अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा व आप के जो प्रत्याशी कुरुक्षेत्र सीट पर उनके सामने चुनाव लड़ रहे हैं तो उनका किसानों से कोई सरोकार नहीं है। ये वे लोग हैं, जिनके अपने प्राइवेट जहाज हैं। जिनके विदेशों में बड़े-बड़े कारखाने हैं। ये तो चुनाव इसीलिए लड़ते हैं कि सरकार में उनकी पैठ बनें। उनकी पैठ बन जाए तो सरकार में शामिल होकर अपने कारोबार को बढ़ाते हैं। अगर किसान की लड़ाई किसी ने लड़ी है और खेती किसी ने की है तो ताऊ देवीलाल ने की। ओमप्रकाश चौटाला ने गांव में रहने वाले लोगों को ज्यादा से



ज्यादा सुविधाएं देने का प्रयास किया। मैंने भी किसान आंदोलन में अधिक से अधिक योगदान देने का प्रयास किया। कोरोना के समय में भी जब सरकार ने फसल खरीदने से मना किया तो वे मंडियों में किसानों के साथ खड़े थे। अगर फसल और नसल बचानी है तो दोनों पूंजीपतियों से बचना चाहिए। एक तरफ दो व्यापारी हैं, एक तरफ मैं हूं। अगर किसान को बचाना है तो मुझे वोट दे दो। अगर व्यापारियों की मदद करनी है तो उनको वोट दे दो। अभय चौटाला ने कहा कि आप खुद तो वोट दें ही, साथ में अपने सगे-संबंधियों को भी इनेलो

**वोट की अपील**

**ये तो चुनाव इसीलिए लड़ते हैं कि सरकार में उनकी पैठ बनें: अभय चौटाला**

को वोट के लिए राजी करें। सरकार ने 13 माह तक जब किसानों की नहीं सुनीं तो अब सरकार को बदलने का किसानों के पास अवसर है। वो एक ऐसी लड़ाई थी, जिसमें केवल भारत का किसान ही शामिल नहीं था, बल्कि दुनियाभर के किसान शामिल थे। दूसरे देशों में भी देश के किसानों के समर्थन में आंदोलन हुए।

## शहरी व ग्रामीण हलकों में डोर टू डोर कंवेसिंग अभियान छेड़ा

**टीम एक्शन इण्डिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ हरियाणा से जुड़े हजारो भाजपाइयों ने अपने अपने लोकसभा के भाजपा प्रत्याशियों को रिकॉर्डतोड़ मत दिलाने के लिये नित्य प्रति बैठके आयोजित कर कार्यकर्ताओ को राजनीति के नए नए गुर सिखाते हुए शहरी व ग्रामीण हलकों में डोर टू डोर कंवेसिंग अभियान में छेड़ दिया है ,इस के चलते य भाजपाई कार्यकर्ता टोलियों में जा कर भगवान श्रीराम के साथ साथ मोदी व भाजपा की जय जयकार लगते हुए मार्कीट के अलावा घर घर जा कर एक एक मतदाता को भाजपा व मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों को समझाते हुए उन्हें आगामी 25




मई को भाजपा के सभी प्रत्याशियों के लिये मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे है। भाजपा नेता पवन आश्री ने जानकारी दी कि इसी श्रृंखला में ये भाजपाई कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को जिताने के लिए भी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ रिषीपाल व प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य पवन आश्री की लीडरशिप में जिला संयोजक चांद दत्ता, सह संयोजक बी एल अरोड़ा के प्रयासों से अब तक जहाँ 4 मंडलो की कार्यकर्ता बैठके कर चुके है वही अब कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 की मार्कीट के साथ साथ सेक्टर 2 में घर घर टोलियों में जा कर डोर तो डोर कंवेसिंग भी बड़ी तन्मयता व लग्न के साथ शुरू कर दी गई है। सेक्टर 2 में भाजपाई बुद्धिजीवियों के आगमन पर वरिष्ठ भाजपा नेता

**प्रेरित**

**नीतियों को समझाते हुए उन्हें 25 मई को भाजपा के सभी प्रत्याशियों के लिये मत डालने के लिये प्रेरित किया**

दीपक चौहान व उन के अन्य साथियों ने वेलकम किया वही डोर टू डोर कंवेसिंग में दीपक चौहान, भाजपा नेत्री रेणु खुंगर , जय सिंह पोसवाल , मधु मलिक, अजित कुमार शर्मा, के सी वर्मा,वेद प्रकाश,बलविंदर सिंह,अधिवक्ता विशाल मित्तल,डॉ एम एल ढाका, विवेक शर्मा,प्रेम चंद महला, रमेश चंद जोड़,गुरचरण सिंह,सुरेंदर जैन,अंग्रेज सिंह,नीरज गुप्ता, कैप्टन

## समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार :** सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण भाव रखने वाले समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया है। सुरेंद्र जांगड़ा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मिल गेट एरिया में लोगों से मिलकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर का भी विमोचन किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव तो भारत जैसे लोकतंत्र का महापर्व है और इसमें सभी मतदाताओं को बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ व सशक्त




सरकार चुनने के लिए हर वोटर को मतदान करना चाहिए।
सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। इसलिए धूप या गर्मी की परवाह किए बिना हर मतदाता को मतदान केंद्र पहुंचकर वोट अवश्य डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अधिकतर लोग मोबाइल फोन या टेलीविजन देखने में समय व्यतीत कर देते हैं। उसके बीच वोट डालने के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए।

# भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज एवं आत्म कल्याण की ओर रहें अग्रसर : नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसी पवित्र तिथि के दिन अवतरित हुए भगवान परशुराम जी इस तिथि की महानता के अनुरूप अजर, अमर हैं। गुणों से भरपूर भगवान हमें शिक्षा देते हैं कि सब कुछ चले जाने के बाद हमारे पास ज्ञान शेष रह जाता है। ज्ञान ही वह संपत्ति है, जिसे कोई न तो छीन सकता है, न ही चुरा सकता है। किसी भी विपत्ति में ज्ञान ही हमारा मार्गदर्शन साबित होता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार



को करनाल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान परशुराम चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे और उन्होंने भगवान परशुराम को नमन किया। इस अवसर पर जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र से यह शिक्षा मिलती है कि देश, धर्म व समाज की रक्षा के लिए सदैव अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देना चाहिए। विप्रजन के अराध्य देव भगवान परशुराम का जीवन परीक्षाओं व चुनौतियों से परिपूर्ण रहा था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कभी भी सत्य एवं धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा।

उन्होंने कहा कि महापराक्रमी भगवान परशुराम ने सदैव अपने शस्त्र निर्बलों की रक्षा एवं अधर्मी व पापियों के संहार के लिए उठाए थे। हमें भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेना चाहिए। उनकी तरह दृढ़ संकल्पी बन विभिन्न सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर समाज एवं आत्म कल्याण की ओर अग्रसर रहना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, संजय बठला, पूर्व विधायक जिलेराम शर्मा, जिला करनाल ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेंद्र शर्मा बड़ौता, उपाध्यक्ष सुशील गौतम, महासचिव रामकरण शर्मा, सचिव रोशन लाल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम शर्मा, श्रवण शर्मा, राजेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, ब्रहम दत्त, वेदपाल शर्मा, संजय शर्मा, वीरेंद्र शर्म, सोहन लाल शर्मा, सुभाष शर्मा, राजकुमार घीड, सुनील पधाना, संजीवन शर्मा, ओम प्रकाश बड़ौता, रविकांत शर्मा व दिनेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# दो दिन चलेगा भाजपा का घर-घर जनसंपर्क कार्यक्रम: दुष्यंत भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा जिला कार्यालय** में जिला पदाधिकारियों और कार्कीयकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की बैठक में भाजपा के दो दिवसीय घर-घर जनसंपर्क अभियान की तैयारियों पर चर्चा की गई` जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि पानीपत जिला में 16 मंडल, 196 शक्ति केंद्र, 870 बूथ हैं और इस सभी बूथों के अध्यक्ष और बूथ समिति के सदस्य सभी गली और मोहल्लों में मतदाताओं से संपर्क करेंगे जिला अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है सात में से तीन चरणों का मतदान हो चुका है चुनाव प्रचार के लिए रोड शो,



जनसभा और रैलियों के मध्यम से जन संपर्क किया जा रहा है इसी कड़ी में डोर-टू-डोर जन संपर्क अभियान भी शुरू होने जा रहा है भाजपा जिला पानीपत द्वारा 11 और 12 मई को घर-घर जनसंपर्क अभियान शुरू किया जा रहा है

**सरकार की नीतियों के बारे में बताएं कार्यकर्ता**

घर-घर जनसंपर्क अभियान में सभी बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता अपने बूथ पर लोगों से मुलाकात करेंगे और सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताते हुए उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### आचार संहिता के दौरान घरौंडा क्षेत्र में चेकिंग निरंतर जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। लोकसभा चुनाव** के मद्देनजर देशभर में आचार संहिता लागू है, जिसको लेकर हर क्षेत्र में प्रशासन द्वारा आचार संहिता नियमों का पालन करवाने हेतु कड़ी नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को घरौंडा क्षेत्र में 12 टीमों द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई, जो आगे भी निरंतर जारी है। चेकिंग के दौरान एसडीएम की टीम द्वारा एक वाहन से दो लाख रुपये की राशी जब्त की गई। जब्त की गई राशी को ट्रेजरी में जमा करवाने उपरान्त टीम ने आगामी जाँच शुरू कर दी है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार सोनी ने बताया कि आचार संहिता का पालन करवाने हेतु लोगों पर तथा वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए घरौंडा क्षेत्र में 12 टीमें कार्य कर रही हैं, जिनमें 6 टीमें फ्लांइग स्क्वॉड तथा 6 टीमें स्टेटिक सर्विलायंस की लगातार चेकिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान 50 हजार रुपये से ज्यादा की राशी व अवैध तरीके से शराब व अन्य कोई भी सामग्री जो चुनाव को प्रभावित करने वाली हो,मिलने पर सबंधित व्यक्ति की खिलाफ नियमानुसार कड़ी कारवाई की जायेगा।

**अवैध तरीके से चुनाव प्रचार कर रहे 4 वाहनों पर भी की गई कार्रवाई**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार सोनी ने बताया कि शुक्रवार को चेकिंग के दौरान क्षेत्र में अवैध तरीके से चुनाव प्रचार कर रहे चार वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। ये चारों वाहन चुनाव कार्यालय से बिना परमिशन के चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग में लाये जा रहे थे। उन्होंने बताया कि किसी भी राजनीतिक दल या निर्दलीय प्रत्याशी को चुनाव प्रचार में प्रयोग लाये जाने वाले वाहनों की परमिशन सहायक निर्वाचन कार्यालय यानी क्षेत्र सबंधित एसडीएम कार्यालय से लेनी अति आवश्यक है।

### महिलाओं के साथ गाली-गलौच कर की मारपीट

**गन्नौर। पुगथला गांव** में खेत मे पानी डालने से रोकने पर गांव के व्यक्तियों ने खेत मालिक के साथ मारपीट की। आरोपी है कि उन्होंने घर मे घुस कर औरतों के साथ गाली-गलौच कर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुगथला निवासी सीमा ने बताया कि गांव के राकेश ओर प्रदीप उनके खेत मे पानी डाल रहे थे। उसके पति सोनू ने मना किया तो राकेश ओर प्रदीप ने उसके साथ मारपीट की। जब उसका पति सोनू व ससुर खुबडू चौकी में शिकायत देने गए तो आरोपी उनके घर आए और उनकी ननद व सास के ऊपर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुन पड़ोसियों को आता देख आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपी राकेश व प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू के दी है।

### फ्लाइंग स्क्वायड टीम्स व स्टेटिक सर्विलांस टीम के अधिकारी कोताही न करे : नागर

**गन्नौर। लोकसभा आम** चुनाव के तहत सौंपे गए कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो इसके लिए गन्नौर के एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी निर्मल नागर ने फ्लाइंग स्क्वायड टीम्स (एफ एस टी) तथा स्टेटिक सर्विलांस टीम (एस एस टी) के अधिकारियों की बैठकक लेकर आदेश दिए। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव कार्यों के लिए नियुक्त अधिकारियों द्वारा चुनाव ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने, निर्वाचन संबंधी दायित्वों में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी चुनाव दायित्वों को पूरी गंभीरता से संपादित करें। चुनाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी।



यदि किसी भी अधिकारी द्वारा निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध निर्वाचन नियमों के अधीन सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नागर ने अधिकारियों को कहा कि वे प्रत्याशियों द्वारा रैली में कर रहे खर्च पर पूरा ध्यान रखने के साथ बिना परमिशन के चुनाव में घुम रहे वाहनों की जांच करे। इसके अलावा रैली व रोड शो में उनके द्वारा किए गए खर्च की जांच व वीडियोंग्राफी करे।

# पीएम ने श्रमिकों के लिए मजबूती से काम किया: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुरानी सब्जी** मंडी में आयोजित मजदूर सम्मान समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी को परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी। उन्होंने श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दस वर्षों में पीएम मोदी ने श्रमिकों के लिए मजबूती से काम किया है। उनकी सरकार ने हर योजनाओं का लाभ श्रमिकों के घर तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मोदी सरकार ने सभी श्रमिकों के खाते में 500 रुपए और हरियाणा सरकार ने 5000 रुपए दिए हैं। कोई भी भूखा नहीं रहे, इसके लिए केंद्र सरकार पीएम



गरीब कल्याण योजना के तहत राशन उपलब्ध करा रही है। डबल इंजन सरकार ने सबसे ज्यादा श्रमिकों की चिंता की है। खाते में श्रमिकों को प्रत्यक्ष रूप से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उधर मजदूर सम्मान समारोह में सीएम नायब सैनी के समक्ष राष्ट्रीय कामगार संघ हरियाणा ने बीजेपी को समर्थन देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि उनकी सरकार ने शादियों में श्रमिकों के बेटे के लिए इक्कीस हजार और बेटियों के लिए एक लाख एक हजार राशि उपलब्ध कराई। इतना ही नहीं हमारी सरकार ने श्रमिक के बच्चों को स्कॉलरशिप भी दिये हैं। पीएम मोदी और हरियाणा सरकार ने मजबूत योजनाओं को बनाकर श्रमिकों को हरसंभव लाभ देने का काम किया है। हम हमेशा श्रमिकों की योजनाओं का तेज गति देकर लाभ दे रहे हैं। हमारी सरकार ने पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पेंशन योजना और बीपीएल कार्ड का भी लाभ समुचित ढंग से श्रमिकों को दिया है। मजदूर सम्मान समारोह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि कांग्रेस की हालत चुनाव में पतली है। कांग्रेस अपने कार्यकताओं को प्रताड़ित करने का काम करती है। इस चुनाव में कांग्रेस अपना जमानत बचा नहीं पायेगी। कोई पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में नहीं आ सकती। उनकी सरकार प्रदेश में पूरी मजबूती से खड़ी है।

# राजेश्वर स्वतंत्र गुप्ता चौरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने विद्यालय को भेंट किए पंखे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। राजकीय मॉडल** संस्कृति स्कूल प्रेमनगर करनाल में राजेश्वर स्वतंत्र गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल की टीम विद्यालय में पहुंची और मुख्याध्यापक रामनिवास सोलंकी ने सभी स्वागत किया। सोलंकी ने बताया कि चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा पहले भी विद्यालय में वाटर कूलर दान स्वरूप दिए गए और आज भी विद्यालय को पंखे दिए गए। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या संदीप कौर ने बताया कि विद्यालय में एक वाटर कूलर और पंखे दिए गए। पहले भी इन्होंने एक वाटर कूलर लगवाया था, जिससे बच्चे ठंडा पानी पीकर के बड़े खुश होते हैं। एसएमसी कमेटी और विद्यालय स्टाफ द्वारा इनकी लंबी आयु व स्वस्थ रहने की भगवान से प्रार्थना की और कहा कि यह ऐसे ही बच्चों की भलाई का कार्य करते रहे और बच्चों का आशीर्वाद लेते रहे। अध्यापिका कमलेश ने बताया कि यह बहुत ही पुण्य का कार्य है।

# फार्मेसी में पाइट की रितिका बनीं यूनिवर्सिटी टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा**




**पाइट कॉलेज** में बी फामेर्सी कर रहीं रितिका ने पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस में पहला स्थान हासिल किया है। रितिका के साथ ही रिषिका, प्रगति ने चौथा और स्वाती ने सातवां स्थान हासिल किया। चारों छात्राओं को कॉलेज में सम्मानित किया गया।

वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि फामेर्सी सेक्टर में करिअर की असीम संभावनाएं हैं। कोविड के बाद जिस तरह से मेडिकल क्षेत्र में बदलाव आ रहे हैं, भारतीयों के पास अवसर ही अवसर हैं। फामेर्सी के बाद जॉब के साथ स्वरोजगार भी किया जा सकता है। बेटियों ने दिखा दिया है कि वे हर क्षेत्र में अव्वल रह सकती हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ.गौरव अग्रवाल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी भी मौजूद रहे।

# स्केटिंग में ज्ञान गंगा के खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल** (जी-3) के खिलाड़ियों ने 10 वीं शार्ट ट्रैक रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण सहित कुल 7 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । सोनीपत में न्यू फ्लाइंग स्केटिंग एकेडमी की तरफ से सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के प्रतिभागियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

स्कूल के स्केटर अंशिका, शिवांक, कुशल, तुषार व अवि ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बृहस्पतिवार को



स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यालय में पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनकी हौसलाफजाई की। सुधीर जैन ने कहा कि रफ्तार, संतुलन व रोमांच से भरपूर इस खेल के प्रति खास तौर पर छोटे बच्चों व उनके अभिभावकों का रुझान बढ़ा है । उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक जीतने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और इससे उनके व्यक्तित्व में भी निखार आता है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि चैंपियनशिप में छात्रा अंशिका ने अंडर-14, छात्र शिवांक ने अंडर-16 , कुशल ने अंडर-10 , तुषार ने अंडर-8 व अवि ने अंडर-12 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया । छात्र मुकुल ने अंडर-14 आयु वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि विदित ने अंडर-12 आयु वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता शर्मा, बीना, ज्योति शर्मा, पीटीआई ज्योति, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत, स्केटिंग कोच विनोद सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# पुलिस-प्रशासन ने पैदल फ्लैग मार्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा(कुलदीप सिंह)**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समालखा विधानसभा में थाना प्रभारी फूलकुवार के नेतृत्व में पुलिस प्रसाशन और सीआरपीएफ जवानों ने शहर में रेलवे रोड़ सहित अन्य जगहों से पैदल फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने चुनाव आचार संहिता सहित चुनाव से जुडे अन्य मामलों को लेकर लोगों को जागरूक किया। वही एसएचओ फुल कुवार ने बताया कि विधानसभा से लगते बॉर्डर नाकों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हर प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर समालखा शहर में



सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर डीसीपी के आदेशानुसार शहर में अलग अलग स्थानों पर कोबिंग गस्त, फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के पुलिस टीम लिए प्रेरित किया। जनता से अपील की गई कि वह चुनाव के समय किसी भी असमाजिक तत्व के बहकावे में न आकर किसी प्रकार के लालच देने वालों की सूचना तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन, चौंकी या पुलिस कन्ट्रोल रूम में दें। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

**निष्पक्ष**

▶▶ पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के पुलिस टीम लिए प्रेरित किया।

# बस स्टैंड पर नि:शुल्क सरबत व छाछ वितरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर संत आशराम आश्रम, गांव डाढोला, पानीपत द्वारा नए बस स्टैंड (शिवाह) में शरबत एवं छाछ का नि:शुल्क वितरण किया गया। यह सेवा सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुई तथा लगातार शाम 5 बजे तक निरंतर चलती रही । इस सेवा का लाभ लगभग 5 हजार यात्रियों ने लिया । स्थानीय लोगों ने ठंडे स्वादिष्ट शर्बत एवं छाछ का सेवन कर तृप्ति का अनुभव महसूस किया सभी लोगों ने आश्रम द्वारा की गई इस महान एवं निस्वार्थ सेवा की भूरि भूरि प्रशंसा की । संत आशाराम बापू की प्रेरणा से प्रति वर्ष आश्रम व सेवाधारियों के सहयोग द्वारा इस प्रकार के निशुल्क भंडारे एवं सामाजिक तथा धार्मिक उत्थान के लिए कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहते हैं । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष मलिक, राम मेहर, राजकुमार, प्रकाश चुघ, रमेश, दिनेश, राजीव, विजेंद्र, हरस्वरूप, रणबीर, राजेन्द्र, कमलेश, सीमा, शकुंतला, दर्शना, माया, संजना, आदि सेवाधारी उपस्थित रहे ।

# कांग्रेस ने भ्रम फैलाया, भाजपा के साथ हैं जिला परिषद सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कांग्रेस झूठ** की राजनीति करती है। जनाधार खोने के बाद भ्रम के बूते सत्ते पर काबिज होने के सपने संजो रही है, पर इनकी काठ की हांडी पूरी तरह से जल चुकी है। यह बात जिला परिषद चेयरमैन व सदस्यों ने शुक्रवार को जिखाना क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए कही। जिला परिषद के सदस्यों द्वारा कांग्रेस का समर्थन करने का भ्रम फैलाए जाने के बाद सदस्यों ने एक पत्रकारवार्ता कर कांग्रेस पर खुलकर हमला बोला और भाजपा का समर्थन करने का एलान किया। जिला परिषद करनाल की चेयरपर्सन प्रवेश राणा के पति सोहन सिंह राणा ने कहा कि उनकी



सरकार से कोई नाराजगी नहीं है, वे भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और खड़े रहेंगे। कांग्रेस द्वारा जिला परिषद के कुछ सदस्यों के भाजपा छोड़े जाने का भ्रम फैलाया गया था। इस मसले पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनकी मुलाकात हो चुकी है। मुख्यमंत्री के आश्वस्त किया है कि उनके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

गौरतलब है कि वीरवार को भाजपा जिला अध्यक्ष योग्रेद राणा के नेतृत्व में जिला परिषद सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की थी और उन्हें यकीन दिलाया था कि भाजपा की प्रचंड जीत के लिए जिला परिषद सदस्य अपनी जी जान लगा देंगे। मुख्यमंत्री की थापी का असर शुक्रवार को साफ. साफ दिखाई दिया। सोहन सिंह राणा ने जिमखाना क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिला परिषद में कुल 25 सदस्य हैं, जिनमें से 18 भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा चुनाव में जिला परिषद के सदस्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल को जिताने के लिए पूरा दम लगाएंगे और उन्हें भारी बहुमत से जिताने का काम करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हैं। मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि चुनाव के बाद खामियों को दूर करके विकास में तेजी लाई जाएगी। इस अवसर पर पार्षद गुरदीप राणा बीजना, सुरेंद्र उड़ाना, मोहन सैनी, विक्रम राणा पधाना, दिलबाग राणा, सुरेंद्र कांबोज, पूर्ण चंद, सतपाल जगबीर रत्तक, प्रदीप राणा, विनोद कश्यप, धीरज खरकाली उपाध्यक्ष, राजकिशन स्टौंडी आदि जिला पार्षद उपस्थित रहे।

**भाजपा सरकार ने 5 करोड़ रुपए का बजट बढ़ाकर किया 25 करोड़**

जिला परिषद सदस्य गुरदीप राणा बीजणा ने कहा कि जिला परिषद के सदस्य एकजुट हैं और विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए विकास में कही नहीं आने दी।

# नशा तस्करी पर पानीपत जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक अजीत** सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने नौल्था में डिडवाड़ी मोड़ पर एक नशा तस्कर को 1 किलो 20 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। बरामद अफीम की बाजार मूल्य करीब 3 लाख रुपये बताई जा रही है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि उनकी टीम वीरवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान नौल्था में ब्रहामण माजरा मोड़ पर मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का



एक युवक डिडवाड़ी मोड पर खड़ा है। युवक के पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सुमित उर्फ मोनू पुत्र ईश्वर निवासी चिड़ी रोहतक के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार इसराना सौरभ की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो पेंट की जेब से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। बरामद अफीम का वजन करने पर 1 किलो 20 ग्राम पाया गया।

**गांव निवासी युवक से खरीद कर लाया था, पानीपत आसपास के गांव में सप्लाई करनी थी**

सब इंस्पेक्टर सौरव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया की वह शॉर्टकट तरीके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त अफीम अपने गांव निवासी एक युवक से कम कीमत पर खरीद कर लाया था।

# एफआरएआई ने संसद में अपनी आवाज बनने के लिए प्रवीण को समर्थन दिया







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 42 रिटेल एसोसिएशन की सदस्यता के साथ देशभर के लगभग 80 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम खुदरा विक्रेताओं के प्रतिनिधि निकाय फेडरेशन ऑफ रिटेलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआरएआई) ने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल को समर्थन दिया है, ताकि वह भारतीय संसद में अपने रिटेलर्स के हितों को सामने रख सके। प्रवीण खंडेलवाल भी लंबे समय से इस दिशा में प्रयासरत हैं। इसलिए एफआरएआई ने खंडेलवाल को अपना पूरा समर्थन दिया है, जो कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। खंडेलवाल के नेतृत्व में एफआरएआई न केवल संघर्षरत रिटेलर्स के लिए विधायी समर्थन प्राप्त करने की उम्मीद कर रहा है, बल्कि देश की आत्मनिर्भरता में योगदान देने वाले आर्थिक सशक्तीकरण की भी उम्मीद है।

प्रवीण खंडेलवाल लंबे समय से लाखों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम खुदरा विक्रेताओं के हितों और आकांक्षाओं के लिए काम कर रहे हैं। वह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और समान अवसर की मांग कर रहे हैं। ई-कॉमर्स दिग्गजों की तुलना में छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान न हो।

**लघू उद्योग को मिलेगा बढ़ावा:** उन्होंने रिटेल सेक्टर में एफडीआई के कारण आने वाली चुनौतियों का मुद्दा भी उठाया है, क्योंकि रिटेल में एफडीआई से छोटे किराना स्टोरों की व्यवहार्यता पर सीधा खतरा पैदा हो गया है। घरेलू बाजार में चीन के उत्पादों की आमद पर अंकुश लगाने और निर्माताओं को बढ़ावा देने, छोटे व्यवसायों की प्रतिस्पर्धी शक्ति बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण, उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं वस्तु एवं सेवा कर को सुगम एवं यूजर फ्रेंडली बनाने समेत अन्य मुद्दे भी उन्होंने उठाए हैं।

**खंडेलवाल ने एफआरएआई का किया आभार व्यक्त:** एफआरएआई से जबरदस्त समर्थन मिलने पर प्रवीण ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, मेरी उम्मीदवारी और मेरा समर्थन करने के लिए एफआरएआई और इसके हजारों सदस्यों के अपार प्यार एवं एकजुटता का मैं आभारी हूं। सिर्फ लोकसभा में एक सीट सुरक्षित करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के जीवन में बदलाव लाने में सक्षम होने के बारे में है जिनका मैं प्रतिनिधित्व करूंगा।

# मोदी के रूप में देश को मिला विकास का नया आयामः शिवांगी पांडे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित निहाल विहार वार्ड नंबर-47 से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद शिवांगी पांडे ने कहा कि देश के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें तेजी से लोककल्याण कर रही है व जनहित के लिए संकल्पित है।

**मोदी राज में कागज़ों में नहीं धरातल पर हुआ विकासः** वहीं शिवांगी पांडे ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यो की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पीएम बनने से देश का सम्मान बढ़ा है।

**अंतिम व्यक्ति को भी मिला है मान-सम्मानः** शिवांगी ने आगे कहा कि समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति की सेवा ही राजनैतिक ध्येय है और यही संकल्प लेकर मोदी सरकार गरीब को मकान, शौचालय, निःशुल्क गैस पहुंचाकर उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही है।



**मोदी ने विश्व भर में मनवाया भारत का लोहाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा सरकार के शासन काल में भारत देश ने आज विश्व भर में अपना लोहा मनवाया है, और दुनियाभर के तमाम देशों की निगाहें भारत की ओर मित्रता करने के लिए एक नज़र लगाए बैठे है।

उन्होंने कहा मैं भी भारतीय जनता पार्टी का हिस्सा हुं और इससे भी ज्यादा इस बात का गर्व है कि मैनें भारत की इस पावन धरा पर जन्म लिया है। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने दुनिया भर में भारत का मान सम्मान बढ़ाया है।

# गर्मियों की छुट्टियों में स्कूल बंद होने से छात्रों में दौड़ी खुशी की लहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों की घोषणा से छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पिछले आठ वर्षों से दिल्ली के सरकारी स्कूल गर्मियों की छुट्टियों में मिशन बुनियाद, रीडिंग कैंपेन, चुनौती और अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के नाम पर लगातार खुले रहे। आठ वर्षों के बाद पहली बार स्कूल गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बंद रहेंगे, जिससे प्रवासी छात्रों-अभिभावकों सहित दिल्ली के स्थायी निवासियों ने भी चैन की सांस ली है।

**अवकाश मिलने से बच्चों व अभिभावकों ने जताई खुशीः** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की पिछले आठ वर्षों से विभिन्न एन.जी.ओ. द्वारा संचालित असफल प्रयोग, जैसे मिशन बुनियाद और रीडिंग कैंपेन आदि दिल्ली के लाखों छात्रों पर किए जाते रहे। इन अभियानों की समीक्षा के बाद इन सभी योजनाओं का छात्रो पर प्रभाव शून्य पाया गया। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था को पूर्व की भांति बहाल करते हुए गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गईं।



यादव ने आगे कहा गर्मियों की छुट्टियों का उद्देश्य छात्रों में व्यवहारिक ज्ञान क्षेत्रीय रीति-रिवाजों के माध्यम से सांस्कृतिक संस्कारों का सृजन करना है।

**राहत**

**▶▶ पिछले आठ वर्षों से मिशन बुनियाद और रीडिंग कैंपेन आदि दिल्ली के लाखों छात्रों पर किए जाते रहे**

लेकिन पिछले वर्षों में गर्मियों की छुट्टियों में स्कूल खोलकर मासूम बच्चों को नाना-नानी के घर जाने और अपने पैतृक स्थान पर जाने से वंचित रखा गया। दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चों के अभिभावक दिल्ली के निकटवर्ती राज्यों के निवासी हैं, जो साल में एक बार अपने पैतृक स्थान पर जाकर घर-जमीन की देखभाल करना और परिजनों के साथ समय बिताकर संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं। परंतु बच्चों के बेहतर भविष्य का हवाला देकर उन्हें दिल्ली छोड़ने से रोका जाता रहा है।

**विभिन्न कार्यों के चलते पूर्ण रूप से नही मिलता था अवकाशः** शिक्षकों की स्थिति पर बात करते हुए यादव ने कहा शिक्षकों को भी पूर्व निर्धारित छुट्टियों में स्कूल में ड्यूटी, सेमिनार, जीवन-विद्या शिविर, वर्कशॉप आदि में व्यस्त कर दिया जाता था, जिससे वे अपने सामाजिक दायित्व पूरे नहीं कर पाते थे।

लेकिन आज छुट्टियों से पहले अंतिम कार्यदिवस पर शिक्षकों ने छात्रों को अपने-अपने विषय का गृह-कार्य दिया और स्वाध्याय करने की सलाह दी।

# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुरेंद्र वर्मा का जन्मदिन, बधाई देने वालों का लगा तांता







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बाहरी** दिल्ली की प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला विकास संगठन ने संस्था के उप प्रधान सुरेंद्र वर्मा के 61वें जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सुरेंद्र वर्मा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान दावत पार्टी का भी आयोजन किया गया। बाहरी दिल्ली की प्रमुख संस्थाओं में शुमार नरेला विकास संगठन ने नरेला के हरिश्चंद्र रोड स्थित प्रसिद्ध केसरिया रेस्टोरेंट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर संस्था के प्रधान, प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारियो ने सब की मौजूदगी में पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर, माल्यार्पण कर सुरेंद्र वर्मा को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी और भगवान से उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। केसरिया रेस्टोरेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर व कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा के 61वें जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पदाधिकारी, सगे संबंधियों, राजनीति से जुड़े दिग्गजों ने माल्यार्पण कर सुंदर उपहार पुष्पगुच्छ भेंटकर सुरेंद्र वर्मा को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। सुरेंद्र वर्मा ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई और सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी ने जो स्नेह, दुलार और अपनेपन से ओतप्रोत शुभकामनाएं व बधाई मुझे दी हैं, मैं बहुत खुशी के साथ आप सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। जन्मदिन के मौके पर नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह खत्री, महासचिव एनडी अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, सतबीर राणा, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के रोड़ शो में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** जैसे-जैसे दिल्ली में गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे चुनावी माहौल भी अपने चरम पर है। गर्मी की इस आग लगाने वाली गरमाहट के बीच त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-62 शकूर पुर में चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में रोड़ शो निकाला गया, जिसमें हज़ारों से ज्यादा पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय लोग भी शामिल हुए।

**कई दिग्गज नेता हुए रोड शो में शामिलः** रोड शो के दौरान प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के साथ-साथ केशव पुरम जिला अध्यक्ष डा. विरेंद्र गोयल, निगम पार्षद किशन बैमाड़, महेश आवान,संजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष एम आर राजेंद्र, रविंद्र बैनिवाल, निगम पार्षद रवि हंस, ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी जयपाल भडाना, संजय शर्मा, सुरेश खारी, राम किशन बसोया, युवा मोर्चा जिला प्रभारी सुमित अवाना, त्रीनगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश वशिष्ठ के अलावा जिला व मंडल के सैकडों पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस रोड शो मे शामिल रहे।







**जगह-जगह लोगों ने किया स्वागतः** इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी खंडेलवाल ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही कहा कि भाजपा की एक ही नीति है और वो नीति है लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस मौके पर जगह-जगह खंडेलवाल का स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा करके स्वागत किया।

इस अवसर पर जयपाल भडाना ने कहा कि भाजपा की नीतियों से देश की जनता काफी ज्यादा खुश है।

उन्होंने यह भी कहा है कि इस बार भी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा और दिल्ली के हर घर में खुशहाली आऐगी और तंगहाली जाएगी।

# फायर सेफ्टी का मानदंड पूरा करने वाले कोचिंग सेंटर चलेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट ने फायर सेफ्टी के मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले कोचिंग संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया है। जस्टिस यशवंत वर्मा की बेंच ने दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को ये आदेश दिया। हाई कोर्ट ने पहले की सुनवाई के दौरान मुखर्जी नगर के कोचिंग सेंटर की जांच के लिए वकीलों की टीम भेजने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि जिन कोचिंग संस्थानों के परिसर के बाहर बिजली के उपकरण लगे हुए हैं उन्हें दूसरे स्थानों पर स्थापित किया जाए, क्योंकि वे आम लोगों के लिए खतरे का सबब हैं। इस मामले में हाई कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी गौतम नारायण ने अप्रैल में दो बार कोचिंग सेंटर्स की जांच की गई थी। इस जांच में पता चला कि दिल्ली नगर निगम जिन कोचिंग सेंटर्स के बंद होने का दावा कर रही थी वे अभी भी चल रहे हैं, लेकिन नाम बदलकर। गौतम नारायण ने कहा कि इन कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी मानदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है। एक संस्थान के प्रवेश द्वार पर ही बिजली का बोर्ड स्थापित किया गया है। आग लगने की स्थिति में उसका रास्ता ही बंद हो सकता है। फटकार लगाते हुए कहा कि उसके आदेश के बावजूद ये कोचिंग संस्थान बंद क्यों नहीं हुए।

# चांदनी चौक लोकसभा सीटः युवाओं ने संभाली जेपी अग्रवाल के चुनाव प्रचार की कमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चांदनी चौक लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल का चुनाव प्रचार ने बड़ी ही तेजी के साथ गति पकड़ी है, क्योंकि जेपी के चुनाव प्रचार की कमान अब युवाओं ने संभाल ली है।

**यूथ विद जेपीः** यूथ विद जे पी स्लोगन के साथ सैकड़ों युवा जयप्रकाश के साथ जुड़े। इसके अलावा पुरानी दिल्ली सदर बाजार के व्यापारियों और ट्रेडर्स की प्रमुख संस्था फैडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन (फैस्टा) ने जयप्रकाश अग्रवाल को पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हें चुनाव में जीत का भरोसा दिलाया, जिससे की अनुमान लगाया जा रहा है कि जेपी अग्रवाल जीत के बिल्कूल समीप खड़े है।

**यूथ ने की अग्रवाल के साथ मुलाकातः** वहीं प्रचार के दौरान जयप्रकाश अग्रवाल को उस समय और अधिक बल मिला जब युवाओं ने उनके साथ जुड़ने की घोषणा की। यूथ विद जेपी स्लोगन के साथ सैकड़ों युवाओं ने गुजरांवाला टाऊन इलाके में स्थित बीकानेर वाला में जयप्रकाश अग्रवाल के साथ मुलाकात की। इस दौरान युवाओं ने जय प्रकाश अग्रवाल के साथ सवाल-जवाब किये।





**अग्रवाल ने विभिन्न योजनाओं से करवाया अवगतः** अग्रवाल ने युवाओं को कांग्रेस की नीतियों और अपने वीजन विशेष कर युवाओं के लिए उनके मन में क्या योजना है उनके लिए वे क्या सोचते हैं इससे अवगत कराया। अग्रवाल ने कहा कि युवा हमारे देश की नींव और भविष्य है और युवाओं के सामने रोजगार और बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर वह युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तलाशेंगे।

**अग्रवाल ने साधा मोदी सरकार पर निशानाः** जेपी अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के युवाओं को रोजगार देने के वायदे, युवाओं को उनका हक देने के इरादे सब झूठे साबित हुए हैं पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ना तो दिल्ली में अच्छे उद्योग ला पाई और ना ही रोजगार का सृजन कर पाई। दिल्ली में बेरोजगारी अपने चरम पर है। जयप्रकाश ने कहा कि तानाशाह और लापरवाह मोदी सरकार के खिलाफ आज जिस तरह देश में माहौल बन रहा है उसे देख लग रहा है कि अब मोदी सरकार का जाना तय है और केंद्र में गठबंधन की सरकार बनना निश्चित है दिल्ली के युवाओं को उनका हक मिलकर ही रहेगा।

**विभिन्न संस्थाओं ने अग्रवाल का किया स्वागतः** कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेश जैन, फैडरेशन के चैयरमैन परमजीत सिंह पम्मा,दिल्ली कैमिकल मर्चेंटस एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता की ओर से बुलाई गई। इस बैठक में परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, नेता सुधीर जैन राजेंद्र शर्मा ने सदर बाजार से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं की ओर से अग्रवाल का स्वागत किया गया।

# डबल इंजन सरकार ने श्रमिकों की सबसे ज्यादा चिंता की: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

ऐलान

▶▶ राष्ट्रीय कामगार संघ हरियाणा ने बीजेपी को समर्थन देने का किया ऐलान



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ / करनाल,**
करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित मजदूर सम्मान समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी को परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी। उन्होंने श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दस वर्षों में पीएम मोदी ने श्रमिकों के लिए मजबूती से काम किया है। उनकी सरकार ने हर योजनाओं का लाभ श्रमिकों के घर तक पहुंचाने का काम किया है। कोरोना काल में मोदी सरकार ने सभी श्रमिकों के खाते में 500 रुपए और हरियाणा सरकार ने 5000 रुपए दिए हैं। कोई भी भूखा नहीं रहे इसके लिए केंद्र सरकार पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत राशन उपलब्ध करा रही है। डबल इंजन सरकार ने सबसे ज्यादा श्रमिकों की चिंता की है। खाते में श्रमिकों को प्रत्यक्ष रूप से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उधर मजदूर सम्मान समारोह में सीएम नायब सैनी के समक्ष राष्ट्रीय कामगार संघ हरियाणा ने बीजेपी को समर्थन देने का ऐलान किया।
मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि उनकी सरकार ने शादियों में श्रमिकों के बेटे के लिए इक्कीस हजार और बेटियों के लिए एक लाख एक हजार राशि उपलब्ध कराई। इतना ही नहीं हमारी सरकार ने श्रमिक के बच्चों को स्कॉलरशिप भी दिये हैं। पीएम मोदी और हरियाणा सरकार ने मजदूर योजनाओं को बनाकर श्रमिकों को हर संभव लाभ देने का काम किया है।
हम हमेशा श्रमिकों की योजनाओं का तेज गति देकर लाभ दे रहे हैं। हमारी सरकार ने पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पेंशन योजना और बीपीएल कार्ड का भी लाभ समुचित ढंग से श्रमिकों को दिया है।

**कांग्रेस की हालत चुनाव में पतली :सीएम**

मजदूर सम्मान समारोह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि कांग्रेस की हालत चुनाव में पतली है। कांग्रेस अपने कार्यकताओं को प्रताड़ित करने का काम करती है। इस चुनाव में कांग्रेस अपना जमानत बचा नहीं पायेगी। कोई पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में नहीं आ सकती। उनकी सरकार प्रदेश में पूरी मजबूती से खड़ी है।

# बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाना और उनकी सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं-रामेश्वर

सेवा

▶▶ 'दुनिया का हर धर्म हमें इंसानियत सिखाता है, कि हम प्रत्येक प्राणी के दुख-दर्द के बारे में सोचें।



?? राकेश आजाद
**टीम एक्शन इंडिया/पीलीबंगा**
'दुनिया का हर धर्म हमें इंसानियत सिखाता है, कि हम प्रत्येक प्राणी के दुख-दर्द के बारे में सोचें। इस गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है।'
यह कहना है सनराइज एजुकेशनल सेंटर के डायरेक्टर रामेश्वर भाटी का। उन्होंने सेंटर के आठवें स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम के अवसर पर पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराने में एक अनुकरणीय पहल की है।
भाटी ने बताया कि भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को शीतल जल व दाना मिल सके इसके लिए, कस्बे के विभिन्न स्थानों पर परिंडे बांधे जाएंगे। शुक्रवार को 151 परिंडे विभिन्न स्थानों पर बांधे गए व छात्राओं को वितरण कर पक्षियों के दाना पानी की जिम्मेदारी भी ली गई है। इस अवसर पर डायरेक्टर रामेश्वर भाटी, प्रबंधक नेतराम सर, सुरेश सर, पुनीत सर, डिप्टी सर नेतराम सर, वीरप्रताप सर, कुशाल सर, संदीप सर, प्रिया मैम, साहिल, कमला भाटी, लीजा भाटी, अनिता, पूनम, द्रोपती, रोशनी, रमनदीप, मोनिका, विकास, जोबन सिंह आदि मौजूद रहे।

# इन्होंने किसानों को दिल्ली में नहीं घुसने दिया, अब लोग इन्हें गांव में नहीं घुसने दे रहे: ढांडा

प्रचार

▶▶ बीजेपी ने पिछले 5 साल में जैसा व्यवहार जनता के साथ किया उसका हिसाब करने का समय आया:



**टीम एक्शन इंडिया/ गुहला/कैथल**
पंजाब में आम आदमी पार्टी के वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में गुहला विधानसभा के गांवों में प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, कुलदीप सिंह गदराना, डॉ. मनीष यादव, जगदर गिल, बलिंद्र, गहल सिंह संधू, राकेश खानपुर और जसविंदर सिंह खरका भी मौजूद रहे।
सरदार हरपाल चीमा ने कहा कि हरियाणा में इंडिया गठबंधन लोकसभा की सभी 10 सीटें पर जीतने जा रहा है। हरियाणा के लोगों में बीजेपी सरकार के प्रति गुस्सा है। क्योंकि बीजेपी ने पिछले साढ़े नौ साल में हरियाणा के लिए कुछ नहीं किया। बीजेपी ने मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सिंह को डम्मी मुख्यमंत्री बनाया है। आज हरियाणा में डम्मी मुख्यमंत्री काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार ने हर वर्ग पर लाठियां बरसाने का काम किया है। बीजेपी ने हरियाणा को बर्बाद करने का काम किया है। बीजेपी ने किसान की आय दोगुनी और हर साल दो करोड़ रोजगार देने का, 15 लाख रुपए देने का और भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा किया था, जो जुमला निकले। आज 10 साल बाद पीएम मोदी को मंगलसूत्र और हिंदू मुस्लिम की बात करनी पड़ रही है।
उन्होंने कहा कि बीजेपी किसानों को बर्बाद करने के लिए 3 कृषि कानून लेकर आई। जिसके खिलाफ किसानों ने सवा साल तक दिल्ली बॉर्डर पर संघर्ष किया और 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी। जिसकी बदोलत पीएम मोदी को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े। बीजेपी देश में तानाशाही लाना चाहती है और देश के लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। जिसे बचाने के लिए सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट होना पड़ा और इंडिया गठबंधन बनाया। यदि इस बार बीजेपी सत्ता में आई तो चुनाव होने बंद हो जाएंगे और देश अडानी अंबानी के हाथों में चला जाएगा। लेकिन अब देश की जनता ने बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है।
उन्होंने कहा तीन चरणों के चुनाव बता रहे हैं कि पूरे साउथ इंडिया में तो बीजेपी का खाता भी नहीं खुल रहा। पंजाब में सरदार भगवंत मान की अगुआई में बीजेपी 13-0 से हार रही है। बीजेपी को पता है कि यदि कोई पीएम मोदी को हरा सकता है तो वो अरविन्द केजरीवाल है। इसलिए उनको फर्जी केस में जेल में डाला गया। बीजेपी वाले कह रहे हैं कि 400 सीट आ जाएंगी तो संविधान बदल देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, बस यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा और शहीद के परिवार को एक करोड़ रुपए सम्मान राशि दे रही है। पंजाब में आम घरों को लोगों ने बड़े बड़े नेताओं को धाराशाई किया है। अनुराग ढांडा ने कहा कि पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है। किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और यदि हमारा कोई बच्चा विदेश में फंस गया तो उसको निकालने के लिए सरकार के नेताओं के पास जाना पड़ता है।

### फर्जी क्लीनिक पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
कंपाउंडर का काम सीखकर पिछले एक साल से क्लीनिक चला रहे एक फर्जी डाक्टर को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सत्यजीत है। आरोपी खेड़ीपुल की यमुना इंक्लेव धीरज नगर पार्ट-2 का रहने वाला है।
आरोपी ने बंगाली हेल्थ सेंटर के नाम से क्लीनिक खोल रखा है। आरोपी के खिलाफ सीएचसी खेडी कलां पर एक शिकायत प्राप्त हुई जिसपर पर कार्रवाई करते हुए एक डॉक्टर नीरज कौशिक(एम.ओ.) के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई के साथ थाना पुलिस टीम शामिल थी।

# वोट डालने के लिए नहीं करना पड़ेगा अब लंबा इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग व जिला प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ रहा। हर मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने व मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों के तहत ही क्यू ऐप मैनेजमेंट लॉन्च किया गया है, जिसकी सहायता से मतदाता घर बैठकर ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन की जानकारी हासिल कर सकेंगे।
वोटर इन क्यू ऐप की सहायता से ऑनलाइन जानकारी हासिल कर मतदाता सुविधानुसार मतदान कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा में पिछले



लोकसभा चुनाव में हुए 70 प्रतिशत मतदान को इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। इस कड़ी में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, हरियाणा ने ह्यवोटर इन क्यूह नाम से एक ऐसी ऐप लॉन्च की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली लाईनों की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने जानकारी दी कि 25 मई, 2024 को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभिन्न शहरी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक ऐप संचालित की जाएगी।
उन्होंने बताया कि लोकसभा के आम चुनावों में मतदान के लिए मतदाताओं को अब घंटों लाइन में खड़े नहीं होना पड़ेगा। एनआईसी हिसार ने इक्यूएमएस हरियाणा नाम से वोटर्स इन क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लीकेशन बनाया है जिससे मतदाताओं को अपनी बारी का पता लग जाएगा। यह मोबाइल एप्लीकेशन एंड्राइड प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगी। जिसके लिए आज जिला के तीन विधानसभा क्षेत्रों (86, 87 और 89) में बूथ केंद्रों पर बीएलओ द्वारा वोटर क्यू एप का सफल परीक्षण किया गया। साथ ही बीएलओ इसकी ट्रेनिंग भी दी गयी।

# टोहाना में दुकान व गल्ले के ताले तोड़कर दिनदहाड़े 1.60 लाख की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
टोहाना में एक दुकान के शीशे वाले गेट का लॉक तोड़कर गल्ले में रखे एक लाख 60 हजार की नकदी चोरी हो गई। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक दिखा है। पुलिस उस युवक की तलाश कर रही है।
शुक्रवार को पुलिस को दी शिकायत में गांव नांगला निवासी कैलाश कुमार ने बताया कि टोहाना में रतिया रोड पर हरियाणा ग्रामीण बैंक के पास बीसीए प्वाइंट नामक से उसकी दुकान है। गत दिवस दोपहर को वह दुकान के शीशे वाले गेट




को लॉक करके किसी काम से बाजार गया था, लौटने पर उसने देखा कि शीशे वाले गेट व दुकान के गल्ले का ताला टूटा है और गल्ले में रखी एक लाख 60 हजार रुपये की नगदी गायब थी। दुकानदार कैलाश ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। टोहाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नशे के विरुद्ध जन जागरण आंदोलन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत जन जन तक नशे से दूर रहने का बीड़ा उठाया गया है। न केवल विद्यालय महाविद्यालय और विश्वविद्यालय तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जा रहा है अपितु विभिन्न उद्योगों में काम करने वाले लोगों तक भी यह संदेश पहुंचाया जा रहा है कि नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, नशे में ग्रस्त हो रही युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है। है सच्चाई नशा बुराई यह बात जन जन तक पहुंचानी है। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह साहब के दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन में ये जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने आज उद्योगों की ओर मुख किया। वे फरीदाबाद के सेक्टर 6 में स्थित विभिन्न उद्योगों में गए और मिशन ड्रग फ्री हरियाणा पर चर्चा की। वे विंग्स ऑटोमोबाइल में गए। तत्पश्चात काफिला फोर्ज प्रा. लि. प्लाट संख्या 33 में पहुंचे। मानव संसाधन अधिकारी रेखा मोरिया की अध्यक्षता में वहां पर विभिन्न इकाइयों में नशे के विरुद्ध जागरूक किया। जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने नशे की परिभाषा, नशे के प्रकार, नशे के कारण और निवारण के साथ साथ दुष्परिणाम पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने विस्तार पूर्वक नशे पर चर्चा करते हुए बताया कि हरियाणा के लोग शक्तिशाली हैं लेकिन कुसंग के कारण युवा नशे की ओर आकर्षित होकर अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने बताया कि अधेड़ आयु के व्यक्ति तंबाकू और शराब का सेवन करते हैं लेकिन छोड़ना भी चाहते हैं। यह बहुत सरल है। प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र खुले हैं जहां पर यह सुविधा है। उन्होंने आगे कहा कि अपने बच्चों की गतिविधियों पर अवश्य ध्यान केंद्रित करें ताकि वे कुसंग का शिकार होकर नशा न करने लगें। डॉक्टर वर्मा ने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर नशा तस्करों की गुप्त सूचना देने के लिए प्रेरित किया।

# प्रॉपर्टी डीलर अनुज के शरीर में मिलीं छह गोलियां व 18 घाव

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
शहर में बहादुरगढ़ रोड पर पंजाबी रसोई के पास गुरुवार की रात कार्यालय में बैठे प्रॉपर्टी डीलर की ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी गई थी।
पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर के शरीर से छह गोलियां निकाली गईं जबकि उसके शरीर पर 18 घाव मिले। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।
घटनास्थल पर मौजूद मृतक के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात बहादुरगढ़ रोड कार्यालय पर प्रॉपर्टी डीलर अनुज के साथ बैठे थे। तभी एक बाइक पर तीन नकाबपोश युवक उसके कार्यालय में घुस आए और अनुज को गोलियां देने लगे। अनुज जैसे ही खड़ा हुआ तभी आरोपितों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अनुज के साथ कार्यालय में मौजूद तीनों दोस्तों ने इधर-उधर होकर अपनी जान बचाई। दोस्तों ने बताया कि आरोपियों का टारगेट केवल अनुज ही था, इसलिए उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। इसके बाद अनुज को सरकारी अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 11 और 12 मई को चलेगा हर बूथ-हर घर संपर्क अभियान: बराला

## भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र के साथ दो दिन में प्रदेश के हर घर में पहुंचेगी

संपर्क अभियान

▶▶ मुख्यमंत्री श्री सैनी पंचकूला विधानसभा के बूथ नंबर 132 पर रहकर वहां के हर घर में संपर्क करेंगे।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ / रोहतक 10 मई**
भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र के साथ दो दिन में प्रदेश के हर घर में पहुंचेगी। 11 और 12 मई को विशेष रूप से चलाए जाने वाले हर बूथ-हर घर संपर्क अभियान में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित सभी मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे इसकी जानकारी हरियाणा भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने दी।



श्री बराला ने बताया कि खुद मुख्यमंत्री श्री सैनी पंचकूला विधानसभा के बूथ नंबर 132 पर रहकर वहां के हर घर में संपर्क करेंगे।
जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल के अपने बूथ के घरों में पहुंचेंगे।
संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा रोहतक नगर के बूथ नंबर 132-133 पर रहेंगे। सुभाष बराला ने बताया कि वे खुद भी टोहाना के बूथ नंबर 142, 143, 144 पर संपर्क अभियान में हिस्सा लेंगे। जबकि राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ बादली विधानसभाक्षेत्र के बूथ नंबर 80, 81 पर संकल्प पत्र के साथ घर-घर जाएंगे। सुभाष बराला ने बताया कि अभियान के संयोजक वेदपाल एडवोकेट करनाल विधानसभाक्षेत्र के रसपूलपुर गांव स्थित बूथ नंबर 46 पर जनसंपर्क अभियान करेंगे। 19 हजार 800 से भी अधिक बूथों के लाखों घरों के दरवाजे पर पहुंचेगी भाजपाबराला ने बताया कि हरियाणा के 19 हजार 800 से भी अधिक बूथों के लाखों घरों के दरवाजे पर भाजपा पहुंचेगी और लोगों को समझाएगी कि देश के विकास के लिए भाजपा आगामी वर्षों में कैसे आगे बढ़ेगी।

# हरियाणा विधानसभा में भाजपा सरकार अल्पमत में आ चुकी है- बजरंग गर्ग

प्रचार

▶▶ भाजपा की केंद्र व हरियाणा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने में लगी हुई है- बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
सब्जी मंडी व मीलगेट रोड पर आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भाई जयप्रकाश जेपी के समर्थन में स्थानीय लोगों ने आज कांग्रेस पार्टी का मुख्य कार्यालय खोला जिसका उद्घाटन हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाई जयप्रकाश हिसार लोकसभा क्षेत्र से आप सभी के आशीर्वाद से भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। जनता भाजपा सरकार से दुखी है और इस सरकार से मुक्ति चाहती है जिसकी झलक प्रचार के लिए लोगों के बीच जा रहे भाजपा के प्रत्याशियों को जनता के भारी विरोध द्वारा साफ देखी जा सकती है। भाजपा की हरियाणा विधानसभा में भी सरकार अल्पमत में आ चुकी है, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि बहुमत के लिए भाजपा को 45 विधायक चाहिए मगर भाजपा के पास सिर्फ 43 विधायक है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा धन व बल से जेजेपी के विधायकों को तोड़ने में लगी हुई है और भाजपा की केंद्र व हरियाणा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने में लगी हुई है। भाजपा सरकार ने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश अन्य राज्यों की सरकार तोड़ने का घिनौना कार्य किया है। जनता इस भाजपा की तानाशाही सरकार को वोट की चोट से घर बिठाने का काम करेगी। भाजपा सरकार सत्ता हथियाने व वोट लेने के लिए भाई को भाई से लड़ाने का काम कर रही है और देश में जात-पात का जहर घोल रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छत्रपाल सोनी, सोनू लंकेश, सुबे सिंह पहलवान, सुनील शर्मा, गुरदिप सिंह झुमका, लीलू राम चौहान, अरुण कांगड़ा, अशोक सुनसुना, बलराम चौहान, श्यामलाल सरबटा, प्रकाश कुमार, आत्माराम, रवि घारू, बलराम चौहान, करण, विकास कन्नू, दीपक चावरिया आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# देव हिंदू मंच ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
देव हिंदू मंच के तत्वाधान में आज सैक्टर 2 में परशुराम जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मंच के सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक के नेतृत्व में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर उन्हें नमन किया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि भगवान परशुराम जी विष्णु के अवतार और शिव के परम भक्त थे। उन्होंने हमेशा समाज हित में काम किये। उनका प्रकृति एवं पशु पक्षियों के साथ जीवंत संबंध था। भगवान परशुराम अपने व्यवहार से हिंसक वन्य प्राणियों को भी अपना मित्र बना लेते थे। उन्होंने कहा कि आज हम सबको उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश सेवा करनी चाहिए। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके साथ-साथ दलजीत मलिक ने युवाओं को नशे से दूर रहने व शिक्षा के साथ-साथ खेलों में अपना भविष्य सुरक्षित करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजीव शर्मा, महामंत्री रणबीर सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक दलाल, पंडित मानु, रविन्द्र कौशिक, मनोज शर्मा, रवि शर्मा, कमल कौशिक सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 11 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# माफिया तत्वों को खत्म किया: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच लोकसभा सीट के लिए जनसभा को किया सम्बोधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**बहराइच:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आजादी के बाद से महाराजा सुहेलदेव राजभर का अपमान होता रहा। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर के गुनहगार सालार मसूद गाजी को मौत के घाट उतारकर बहाराइच में उसकी कब्र बनाने वाले महा पराक्रमी महाराजा सुहेलदेव को केवल वोट बैंक के लिए कांग्रेस, सपा और बसपा ने सम्मान नहीं दिया। क्योंकि उन्हें डर था कि ऐसा करने पर सालार मसूद गाजी का भक्त वोटबैंक खिसक न जाए। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को महसी के रामपुरवा बाग में बहराइच लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी डॉ. आनंद कुमार गोंड के पक्ष में जनता से वोट की अपील की।

**माफिया तत्वों का रामनाम सत्य करने का काम किया गया:** मुख्यमंत्री ने महाराज सुहेलदेव के पराक्रम की भूमि और स्वाधीनता



सेनानी राजा बलभद्र सिंह की पावन भूमि को कोटि कोटि नमन करते हुए उपस्थित जनसमूह को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि आज के दिन त्रेतायुग और सतयुग की शुरूआत हुई थी। सीएम योगी ने कहा कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में आया था तब आपने आशीर्वाद दिया और सुरेश्वर सिंह महसी से विधायक बने और प्रदेश मंल भाजपा की सरकार बनी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश सरकार ने अयोध्या में न केवल रामलला का भव्य मंदिर बनवाया, बल्कि अराजकता फैलाने वाले माफिया तत्वों का रामनाम सत्य करने का काम भी किया गया।

**जो भावनाओं का सम्मान करे, उसे बार-बार चुनें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सरकार आपकी भावनाओं का सम्मान करती हो, आपके हितों का संरक्षण करती हो, विकास के कार्यों के साथ जोड़ती हो, उसे बार-बार चुनना चाहिए। इससे वर्तमान तो सुधरता ही है, भविष्य के लिए भी नये-नये अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि हमने

**विपक्ष को घेरा**

▶▶ रामलला का भव्य मंदिर बनवाया, बल्कि माफिया तत्वों का रामनाम सत्य करने का काम भी किया गया

विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते देखा है। 10 साल पहले आतंकवाद, नक्सलवाद की समस्या के साथ ही विकास में भ्रष्टाचार, योजनाओं में डकैती होती थी। गरीब भूख से मरता था। नौजवान पलायन करता था। बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। दंगे होते थे और कर्फ्यू लगता था। अयोध्या, बनारस, लखनऊ, कचहरियों, सीआरपीएफ कैंप पर हमला होता था।

**45 साल तक लटकी रही सरजू नहर परियोजना:** सीएम योगी ने बताया कि 1972 में तत्कालीन सरकार ने सरयू नहर परियोजना शुरू की थी, जो 45 साल तक लटकी रही। 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार आई उसके बाद सरयू नहर परियोजना को पूरा किया गया। इसके बाद 14 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के लिए सरयू नदी का पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें केवल योजनाएं बनाती थीं और उसके पैसों का बंदरबांट करते थे।

**रामद्रोही धरती पर बोझ हैं:** सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा अयोध्या में राम मंदिर को बेकार बताते हैं। मगर बेकार ये लोग खुद हैं जो इस धरती पर बोझ बने हुए हैं। आखिर ऐसा कौन होगा जो जन्म से लेकर अंतिम समय तक राम का नाम न लेता हो। शुभ कार्य से लेकर सुख, दुःख, सोते, जागते हम सब एक ही नाम लेते हैं। राम हमारे श्वास-श्वास में रचे बसे हैं। कांग्रेस और सपा जैसे रामद्रोही भारत के हितैषी नहीं हो सकते। यही कारण है कि इनके समय में दंगे होते थे। गरीब को उसका हक नहीं मिलता था। पैसा तब भी था मगर तब बंदरबांट होता था।

# 12 मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट, तैयारियां तेज

**व्यापक स्तर पर**

▶▶ श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा कपाट खुलने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोशीमठ:** श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुलेंगे। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा कपाट खुलने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कपाट खुलने की तैयारियों की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को जोशीमठ में प्राचीन गरुड़ छाड़ मेला संपन्न हुआ। शुक्रवार को श्री नरसिंह मंदिर जोशीमठ में स्थित माता लक्ष्मी के मंदिर के प्रांगण में पूजा-अर्चना शुरू हुई। धर्माधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल के मार्गदर्शन में विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात भगवान नरसिंह,



नव दुर्गा, वासुदेव मंदिर, राज राजेश्वरी और शंकराचार्य की पवित्र गद्दी के दर्शन पूजन के उपरांत मुख्य पुजारी श्री रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी पवित्र गद्दी के साथ प्रथम पड़ाव योग बदरी मंदिर पांडुकेश्वर के लिए प्रस्थान हुए। इस अवसर पर बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्य आशुतोष डिमरी, भाष्कर डिमरी सहित धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र बिष्ट, विवेक थपलियाल, श्री नृसिंह मंदिर प्रभारी संदीप कपरूवाण, देवपुजाई समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद नम्बूरी, महिला मंगल दल अध्यक्ष अरुणा नेगी, आशीष ब्रह्मचारी, बीकेटीसी के पूर्व सदस्य हरीश डिमरी, सुभाष डिमरी, जिला शासकीय अधिवक्ता प्रकाश भंडारी, मठ भंडारी विनोद नम्बूरी, सरजीत राणा सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 'हिम्मत है तो चेंबर के अंदर का वीडियो सार्वजनिक करिए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को अभिषेक ने राज भवन की ओर से सीसीटीवी फुटेज दिखाए जाने को ड्रामा करार देते हुए कहा कि अगर राज्यपाल में दम है तो अपने चेंबर का सीसीटीवी फुटेज दिखाएं। अभिषेक ने कहा कि बाहर की फुटेज दिखाने से क्या होगा? अगर राज्यपाल के पास क्षमता है, तो अपने गलियारों, कक्षों के वीडियो फुटेज सार्वजनिक करें। अभिषेक ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। डायमंड हार्बर के तृणमूल उम्मीदवार अभिषेक ने शुक्रवार को अलीपुर के ट्रेजरी बिल्डिंग में अपना नामांकन दाखिल किया। तृणमूल महासचिव ने बाहर आने के बाद मीडिया से बात की। राज्यपाल को लेकर पूछे गए

**चुनौती**

▶▶ अगर राज्यपाल में दम है तो अपने चेंबर का सीसीटीवी फुटेज दिखाएं: अभिषेक बनर्जी

एक सवाल के जवाब में अभिषेक ने कहा कि अगर मेरे ऊपर कोई आरोप है तो मैं उसका खंडन करने के लिए वीडियो दिखाऊंगा तो सारी फुटेज दिखा दूंगा। कक्ष, सीढ़ियां, गलियारे - हर जगह वीडियो दिखाया जाना चाहिए। लेकिन राज्यपाल ने केवल बाहरी वीडियो ही दिखाया है। ये सारा ड्रामा है। इसके बाद अभिषेक ने हमला बोलते हुए कहा कि इस गवर्नर ने गवर्नर पद को ही भ्रष्ट कर दिया है। नौकरी दिलाने के नाम पर लड़की के हमउम्र युवती के साथ ऐसा कारनामा किया। हमने कई गवर्नर देखे हैं।

# भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने दाखिल किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोड्डा :** गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और सांसद निशिकांत दुबे ने चौथी बार नामांकन पत्र दाखिल किया। राज्य की इस हॉट सीट पर अंतिम चरण में एक जून को मतदान होगा, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने का काम सात मई से शुरू हो गया है। निशिकांत नामांकन के लिए परिजनों और समर्थकों के साथ देवघर से शुक्रवार को ट्रेन से गोड्डा के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने देवघर में भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। देवघर स्टेशन पर पत्नी अनामिका गौतम, पुत्र कनिष्कांत दुबे और माहिकांत दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता व समर्थक पहुंचे। लोकसभा चुनाव 2019 में निशिकांत दुबे ने यह घोषणा की थी कि अगली बार यदि पार्टी ने टिकट दिया तो नामांकन करने 2024 में गोड्डा ट्रेन से जायेंगे।

# भाजपा ईडी का गलत प्रयोग करके दबाव बना रही है: मायावती

**बीजेपी को घेरा**

▶▶ दोनों पार्टियां पूंजीपतियों से पैसा लेकर चलने वाली है जबकि बसपा ऐसा नहीं करती है

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** भाजपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने शुक्रवार को कानपुर के रमईपुर स्थित मगरासा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पार्टियां पूंजीपतियों से पैसा लेकर चलने वाली है जबकि बसपा ऐसा नहीं करती है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के सहयोग और जन्मदिन के मौके पर जो थोड़ा–



थोड़ा पैसा एकत्र होता है। वही पैसा पार्टी में खर्च होता है। जबकि भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव लड़ती है।

यदि इस बार ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो निश्चित रूप से परिणाम बढ़िया आने वाला है। मायावती कानपुर से प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया व अकबरपुर के प्रत्याशी राजेश द्विवेदी के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले कांग्रेस सत्ता में रहती थी तो वह भी ईडी समेत सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग करती थी। उन्होंने आगे कहा कि अब यही हाल भाजपा का है। भाजपा ईडी का गलत प्रयोग कर-के दबाव बना रही है। मायावती ने कहा कि टिकट बंटवारे में भी सर्वसमाज की उचित भागीदारी बसपा ने सुनिश्चित की है।

# विकसित बीकानेर की परिकल्पना पर मेघवाल संग की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** बीकानेर के 537वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को विकसित बीकानेर की परिकल्पना पर सार्थक चर्चा हुई। इस कार्यक्रम के आयोजक युवा उद्यमी पंकज अग्रवाल ने बताया अक्षय तृतीया के अवसर पर इस कार्यक्रम के माध्यम से बीकानेर के इतिहास को लेकर किस तरह से विकास में हर व्यक्ति सहभागी बन सके, इस पर प्रमुख प्रबुद्धजनों, उद्योगपतियों, प्रवासी बीकानेर वासियों के साथ चर्चा हुई। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा प्रयास है विकसित बीकानेर की परिकल्पना में हर आम आदमी की भागीदारी रहे। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने सुझाव रखे। इन सुझावों पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के माध्यम से सरकार हमारे विकसित बीकानेर के सपने में भागीदार बने और ये परिकलना साकार हो सके इस पर चर्चा हुई। मेघवाल ने उद्यमियों से चर्चा में कहा आज पब्लिक पार्क,

**सहभागी**

▶▶ बीकानेर के इतिहास को लेकर किस तरह से विकास में हर व्यक्ति सहभागी बन सके

अभिलेखागार, ओरण संरक्षित, संस्कृति, स्वच्छता, धरोहर संरक्षण, एनर्जी पार्क, रेलवे फाटक, सूरसागर, सिरेमिक, सौर ऊर्जा, मंदिर जीर्णोर्धार, चिकित्सा, यातायात, उद्योग विकसित, हवाई संपर्क, अतिक्रमण, जैसे शहर के प्रमुख मुद्दों पर सुझाव मिले है और इन सुझावों में हर विषय पर होमवर्क कर बीकानेर के विकास के लिए कार्य करेंगे। मेघवाल ने कहा नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कालखंड में सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राथमिकता रहेगी और इस कालखंड में विकसित बीकानेर के सपनों को पंख लगेंगे।

# चारधाम यात्रा: सीएम धामी ने प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधार यात्रा का आगाज होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को बधाई दी है। जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण कार्य सफलतापूर्वक गतिमान है। इसके फलस्वरूप दिव्य-भव्य केदारनाथ धाम के दर्शन करने रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु देवभूमि आ रहे हैं, जिससे प्रदेशवासियों के लिए रोजगार की नई संभावनाएं भी सृजित हो रही हैं।

# कानपुर में अंतिम दिन जनसभा कर सीएम योगी देंगे जीत की गारंटी !

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** कानपुर लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है और एक बार फिर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार यानी 11 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर में जनसभा करने आ रहे हैं। ऐसे में अब यह देखना होगा कि अंतिम दिन प्रचार कर अब तक पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने वाले मुख्यमंत्री अबकी बार भी जीत की गारंटी दे पाएंगे।

गौरतलब है उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2017 में मुख्यमंत्री न रहते हुए गोरखपुर के सांसद के रुप में उन्होंने कल्याणपुर में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जनसभा की थी और पूरा चुनाव माहौल बदलने में सफल रहे। यही नहीं चुनाव परिणाम पार्टी उम्मीदवार नीलिमा कटियार के पक्ष में आया, जबकि चुनाव के दौरान यह लग रहा था कि



नीलिमा कटियार की सीट फंस जाएगी, क्योंकि उनके सामने तत्कालीन सपा विधायक सतीश निगम थे जो विकास पुरुष के नाम से जाने जाते थे। इस जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने सतीश निगम को मुजफ्फरनगर दंगों से जोड़ दिया और उनका विकास पुरुष धरा रह गया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब तक जितने भी चुनाव हुए उन सभी चुनावों में कानपुर में अंतिम दिन जरुर जनसभा की और पार्टी उम्मीदवार की जीत होती रही। चाहे 2017 का नगर निकाय चुनाव रहा हो या 2019 का लोकसभा चुनाव। इसके अलावा 2022 का विधानसभा चुनाव और 2023 का नगर निकाय चुनाव इन सभी चुनावों में मुख्यमंत्री अंतिम दिन जनसभा कर पार्टी उम्मीदवार को जीत दिलाते चले आ रहे हैं।

**समीकरण** अनुसूचित जाति के लिए प्रदेश की 17 रिजर्व सीटों में एक सीट इटावा सीट भी शामिल है

# लोस चुनाव: सपा के गढ़ इटावा में हैट्रिक लगा पाएगी भाजपा !

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** यमुना नदी के किनारे बसे इटावा जिले का आजादी की जंग में अहम योगदान रहा है। 1857 में ब्रिटिश राज के खिलाफ विद्रोह के दौरान कई स्वतंत्रता सेनानी यहीं पर रह थे। यहां के स्थानीय लोगों को पांचाल कहा जाता था। अनुसूचित जाति के लिए प्रदेश की 17 रिजर्व सीटों में एक सीट इटावा सीट भी शामिल है। उप्र की संसदीय सीट संख्या 41 इटावा में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

**इटावा लोकसभा सीट का इतिहास :** इटावा लोकसभा सीट से कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) को 3-3 बार जीत मिली है। इस सीट पर पहली बार साल 1957 आम चुनाव में वोटिंग हुई थी। इस चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी



के अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत हासिल की थी। जबकि साल 1962 आम चुनाव में कांग्रेस के जीएन दीक्षित विजयी हुए थे। लेकिन साल 1967 आम चुनाव में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के अर्जुन सिंह भदौरिया सांसद चुने गए। साल 1971 चुनाव में कांग्रेस के श्रीशंकर तिवारी सांसद बने। लेकिन साल 1977 आम चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर तीसरी बार अर्जुन सिंह भदौरिया सांसद चुने गए। लेकिन साल 1980 आम चुनाव में जनता पार्टी ने राम सिंह शाक्य को उम्मीदवार बनाया और उन्होंने जीत हासिल की। साल 1984 आम चुनाव में कांग्रेस के रघुराज सिंह चौधरी और साल 1989 चुनाव में जनता दल के राम सिंह शाक्य सांसद चुने गए। इस सीट पर बसपा को पहली बार साल 1991 में जीत मिली थी। बसपा के टिकट पर कांशीराम सांसद चुने गए थे। लेकिन साल 1996 आम चुनाव में सपा के राम सिंह शाक्य ने जीत हासिल की। भाजपा को पहली बार साल 1998 में जीत मिली, जब सुखदा मिश्रा ने जीत दर्ज की थी। साल 1999, 2004 और 2009 के चुनाव में सपा ने यहां जीत दर्ज की। साल 2014 आम चुनाव में भाजपा के अशोक दोहरे सांसद चुने गए और और 2019 के आम चुनाव में भाजपा के ही राम शंकर कठेरिया यहां से जीते।

**पिछले दो चुनावों का हाल :** राम शंकर कठेरिया को चुनाव में 522,119 (50.75%) वोट मिले तो सपा के प्रत्याशी कमलेश कुमार के खाते में 457,682 (44.49%) वोट आए। कांग्रेस प्रत्याशी अशोक दोहरे तीसरे स्थान पर रहे। उनके खाते में 16570 (1.61%) वोट आए। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। डॉ. राम शंकर कठेरिया ने 64,437 मतों के अंतर से यह मुकाबला जीत लिया।

